सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

संपादक: संजय बघेल

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

शुक्रवार 27 जून 2025 • वर्ष : 10 • अंक : 87 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




## न्यूज ब्रीफ

### आप विधायक उमेश मकवाना का सभी पदों से इस्तीफा

**अहमदाबाद।** गुजरात में बोटाद सीट से आम आदमी पार्टी विधायक उमेश मकवाना ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मकवाना ने कहा- मैंने 20 साल तक भाजपा में अलग-अलग पदों पर काम किया। उस समय जब गुजरात में ककाे कोई पहचानता भी नहीं था, तब मैंने सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। अब मुझे लगता है कि आप पार्टी अंबेडकर के सिद्धांतों से भटक रही है। यही कारण है कि मैंने आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मैं पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर काम करना जारी रखूंगा।

### बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद इलाके को घेर लिया गया था। यहां 4 आतंकियों के फंसे होने की जानकारी सामने आई है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों पर भारी फायरिंग शुरू हुई, जिसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की।

### प्रतिबंधित संगठन के 2 कार्यकर्ता गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों शख्स कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता हैं। इनके पास से एक 9 एमएम पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया। मणिपुर में दो साल पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से ये अभियान चलाए जा रहे हैं। मई 2023 से मैतेई और कुकी समूहों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### पौधारोपण पर असम और मेघालय में सीमा विवाद

**डिसपुर।** असम-मेघालय के बीच सीमा विवाद फिर से उभर आया है। लापांगाप में असम के पौधारोपण अभियान का ग्रामीणों ने विरोध किया। 400 लोगों ने पौधे उखाड़े और आगजनी की। घटना मेघालय के वेस्ट जयंतिया हिल्स और असम के कार्बी आंगलोंग के बीच हुई। कार्बी आंगलोंग ऑटोनॉमस काउंसिल ने पौधारोपण किया था। खासी स्टूडेंट्स यूनियन ने असम पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।




# देश का मानसून: हिमाचल में 5 जगह बादल फटने से बाढ़

## मरने वालों की संख्या 5 हुई, 7 से ज्यादा लापता ; अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात

नई दिल्ली/भोपाल। एजेंसी

**देश** में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। 7 से ज्यादा लापता हैं।

सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है।

उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है। अहमदाबाद में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पूर्वी क्षेत्र के मणिनगर, वटवा, सिटीएम, हाटकेश्वर, निकोल ओधव और विराट नगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया है।

मध्यप्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदौर में बारिश के बाद अंधेरा छा गया। जबलपुर-विदिशा में घरों में पानी घुस गया। राजस्थान के अलवर में बांध पर सेल्फी ले रहे युवक की डूबने से मौत हो गई। जयपुर, सीकर-नागौर समेत 6 जिलों में तेज बारिश हुई।

### मप्र के रायसेन जिले में झोपड़ी गिरी, 5 घायल

मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के बेगमगंज कस्बे के पास वीरपुर गांव में भारी बारिश के बीच एक झोपड़ी गिरने से गुरुवार को पांच लोग घायल हो गए। पीड़ितों में एक दंपती और उनके तीन बच्चे शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हुई। इलाके में सुबह 4 बजे से बारिश हो रही है।

### पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में हल्की बारिश

मौसम विभाग ने गुरुवार को बताया कि पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की से लेकर भारी बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएं दर्ज की गई। इसी तरह की स्थिति पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी देखने को मिली। पिछले 24 घंटों में, सुबह 8:30 बजे तक पूर्वी राजस्थान के भुंगरा (बांसवाड़ा) में सबसे ज्यादा 115 मिमी बारिश दर्ज की गई। डानपुर, मसूदा और झाड़ोल में 80-80 मिमी बारिश हुई। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम



**मानसून** देश के ज्यादातर हिस्सों को कवर कर चुका है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात में बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं। अहमदाबाद में बारिश के पानी के बहाव में आकर एक बाइक सवार ड्रेनेज लाइन में फंस गया। 9 घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया। सूरत का गीतानगर इलाका 3 से 4 फीट पानी में डूबा हुआ है। यहां तबीयत बिगड़ने के बाद एक गर्भवती महिला को फायर ब्रिगेड टीम ने रेस्क्यू किया और अस्पताल पहुंचाया। वहीं वडोदरा में भारी बारिश के चलते अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम लग गया। उधर हिमाचल प्रदेश में कुल्लू के होरनगढ़ गांव में बादल फटने के एक दिन बाद राहत कार्य जारी है। यहां कई गाड़ियां मलबे में दब गई।

### वर्धा जिले में बाढ़, श्मशान घाट में फंसे तीन लोगों को बचाया

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भारी बारिश के बाद देवली तालुका के डिगदोह गांव में बाढ़ आ गई। यहां के श्मशान घाट में फंसे छात्र समेत तीन लोगों को आपदा प्रबंधन और दमकल कर्मियों ने गुरुवार को बचाया। गांव में खेतों का पानी भरने से लोगों को ऊंचाई वाली जगहों पर जाना पड़ा है।



### एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट से एक और शव मिला

हिमाचल में कुल्लू के जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट से एक और व्यक्ति का शव बरामद हुआ। प्रशासन के मुताबिक, अब तक मरने वालों की संख्या 3 हो गई है। 8 लोग अब भी लापता हैं। इनकी तलाश में पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

### • वैष्णो देवी मंदिर तक जाने वाला नया रास्ता लैंडस्लाइड से बंद

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड से बंद हो गया। तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। जबकि बैटरी कार और हेलिकॉप्टर सेवा दोनों सस्पेंड है।

### • जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बाढ़, दो बच्चों की मौत

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले की कालाकोट तहसील के सियालसुई इलाके में अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य बच्चे को बचा लिया गया। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में तीनों बच्चे बह गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों के साथ एक बचाव दल ने तुरंत बचाव ऑपरेशन शुरू किया लेकिन दो बच्चो को बचाया नहीं जा सका।

### • ओडिशा के संभलपुर में भारी बारिश, 30 जून तक का अलर्ट जारी

ओडिशा में संबलपुर शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इससे यहां सामान्य जीवन पर असर पड़ा है। सड़कों पर पानी भरने से आवाजाही पर असर हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने 30 जून तक कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### • केरल में तेज बारिश, 3 जिलों में रेड अलर्ट; होर्डिंग्स, पेड़ गिरे

गुरुवार को केरल में मानसूनी बारिश तेज हो गई। एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर जिलों के कुछ निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई। आईएमडी ने इन तीन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश और तेज हवाओं के तिरुवनंतपुरम में कई जगह बड़े-बड़े होर्डिंग्स गिर गए, पेड़ उखड़ गए। आईएमडी ने इडुक्की, मल्लापुरम और वायनाड जिलों के लिए रेड अलर्ट और राज्य के अन्य 7 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# रुद्रप्रयाग में नदी में ट्रैवलर गिरी, 9 लापता, 3 की मौत

## 8 घायल, ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर ; 40 किमी तक रेस्क्यू

रुद्रप्रयाग। एजेंसी



**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में ट्रैवलर गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। ट्रैवलर में 20 लोग सवार थे, इनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि 8 घायल हैं। वहीं, 9 लोग अभी भी लापता हैं। ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे।

ट्रैवलर सवार 20 लोगों के नाम, पता जारी किए गए हैं। तीन मृतकों में से 2 की पहचान रुक्के राजगढ़ निवासी विशाल सोनी (42) और गुजरात में आईमाता चौक सूरत निवासी ड्रिमी (17) के रूप में हुई है।

ड्राइवर सुमित ने बताया- वह यात्रियों को केदारनाथ से दर्शन कराकर बद्रीनाथ धाम ले जा रहे थे। इस बीच रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रक ने पीछे से ट्रैवलर को टक्कर मार दी। इससे मिनी ट्रैवलर अलकनंदा में जा गिरी।

# ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा

तेहरान/तेल अवीव। एजेंसी

**ईरान** के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजराइल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं झूठे इजराइली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं। ईरान ने अपने हमलों से इजराइल को धराशायी कर दिया, कुचल दिया।

खामेनेई ने कहा, अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजराइल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इजराइल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजराइल में 24 लोगों की मौत हुई।

**ट्रम्प बोले- ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई:** दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नीदरलैंड में नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई। ईरान को जंग के बाद नुकसान से उबरने के लिए ऑयल बेचने की जरूरत है। अगर चीन, ईरान से ऑयल खरीदना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है।

इससे पहले मंगलवार को ꣳꣳ समिट के लिए जाते वक्त भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन अब ईरान से ऑयल खरीद सकता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चीन अमेरिका से भी ऑयल खरीदेगा।

# खामेनेई बोले- इजराइल को बचाने जंग में कूदा अमेरिका



### भारत ने ईरान-इजराइल से 4244 भारतीयों को निकाला

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दिल्ली में वीकली प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत ने ईरान और इजराइल से अब तक 4244 भारतीयों को निकाला है। ईरान और इजराइल के बीच 13 जून को जंग शुरू हुआ था। भारत ने वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए 18 जून को 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ईरान में करीब 10,000 और इजराइल में लगभग 40,000 भारतीय रहते हैं। अब तक भारत ने ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों और 11 भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को निकाला है।

### खामेनेई बोले- अमेरिका जंग में कूदा क्योंकि उसे इजराइल के खत्म होने का डर था

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ꣳ पर पोस्ट में कहा है कि अमेरिका को डर था कि इजराइल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। इसलिए उसे जंग में कूदना पड़ा। खामेनेई ने कहा, अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ। यहां भी, ईरान की जीत हुई और बदले में, अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा।

## साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं, भारत ने साइन करने से इनकार किया

# एससीओ में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

शंघाई। एजेंसी

**चीन** के किंगदाओ में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की।

उन्होंने एससीओ के जॉइंट स्टेटमेंट पर साइन करने से भी इनकार कर दिया। क्योंकि उसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था। भारत ने इससे नाराजगी जाहिर की।

राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।



विदेश मंत्रालय बोला- एक खास देश को भारत की बात मंजूर नहीं थी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शंघाई सहयोग संगठन (ꣳꣳ) के रक्षा मंत्रियों की दो दिन चली बैठक में सभी देश एक साथ मिलकर साझा बयान पर सहमत नहीं हो सके, इसलिए उस दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत चाहता था कि इस बयान में आतंकवाद और उससे जुड़ी चिंताओं को साफ तौर पर शामिल किया जाए, लेकिन एक खास देश को यह बात मंजूर नहीं थी। भारत के रक्षा मंत्री ने अपने भाषण में सभी 11 देशों से आतंकवाद के हर रूप और तरीके के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

### उग्रवाद और आतंकवाद सबसे बड़ी चुनौती

राजनाथ ने आगे कहा, मेरा मानना है कि सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। इन समस्याओं की असल वजह कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में बढ़ोत्तरी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

राजनाथ ने कहा भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति आज हमारे एक्शन में भी नजर आती है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ स्वयं की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 27 जून 2025


# आतंकवाद पर बलूचिस्तान का जिक्र चाहते थे चीन-पाकिस्तान

## राजनाथ ने दस्तखत से किया इनकार

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की बैठक में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया. राजनाथ सिंह ने न सिर्फ कड़े शब्दों में पहलगाम हमले की निंदा की बल्कि आगे भी आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशन को अंजाम देने की चेतावनी दी है. रक्षा मंत्री ने SCO के जॉइंट स्टेटमेंट पर दस्तखत न करके चीन और पाकिस्तान की साजिश की भी पोल खोलकर रख दी है.



### भारत को घेरने की साजिश नाकाम

बैठक के दौरान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की मौजूदगी में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखा. साथ ही उन्होंने मीटिंग के बाद SCO के जॉइंट डॉक्यूमेंट पर साइन करने से इनकार कर दिया, क्योंकि इसके बहाने चीन और पाकिस्तान, भारत को घेरने की फिराक में थे. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक SCO के ड्राफ्ट रेजोल्यूशन यानी मसौदा प्रस्ताव में पाकिस्तान आतंकवाद के संदर्भ में बलूचिस्तान का जिक्र करना चाहता था, जिसके बहाने भारत को घेरने की कोशिश हो सके.

इस ड्राफ्ट को चीन का भी पूरा समर्थन हासिल था. पाकिस्तान लगातार अपने प्रांत बलूचिस्तान में आजादी की लड़ाई को भारत की तरफ से उकसाया कदम मानता है और भारत पर बलूचिस्तान को अस्थिर करने के झूठे आरोप लगाता रहता है. इसी वजह से वह बलूचिस्तान के बहाने भारत को निशाना बनाने की फिराक में था.

**पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र:** राजनाथ सिंह को यह बात किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं थी और उन्होंने मसौदे पर दस्तखत करने से साफ इनकार कर दिया. इसके अलावा भारत इस ड्राफ्ट में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र भी चाहता था, जिसे लेकर पाकिस्तान को आपत्ति थी. इसका नतीजा यह हुआ कि SCO मीटिंग के बाद कोई भी जॉइंट स्टेटमेंट या रेजोल्यूशन जारी नहीं किया जा सका.ड्राफ्ट में पाकिस्तान और चीन आतंकवाद के मुद्दे से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे थे, ताकि उन्हें कटघरे में खड़ा न होना पड़े. लेकिन रक्षा मंत्री ने ड्राफ्ट पर साइन करने से मना कर दिया, क्योंकि इससे भारत का रुख कमजोर पड़ सकता था. बैठक के फोटो सेशन के दौरान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ कतार में राजनाथ सिंह से काफी दूर खड़े दिखे और दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है.

# शराबी कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

## मांगों को लेकर सरकार को दिया अल्टीमेटम

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** हक की आवाज उठाने के लिए एकजुटता जरूरी है. इसलिए लोग तरह-तरह के संगठन भी बनाते हैं. टीचरों का संगठन, बैंकरों का संगठन, स्टूडेंट संगठन, पुलिस एसोसिएशन, डॉक्टरों का संघ. ऐसे में कोई सोच सकता है कि शराब पीने वाले लोग भी अपना एसोसिएशन बना सकते हैं और वो भी अपने हक की लड़ाई के लिए ? अब सोचने वाली बात यह है कि आखिर शराबियों की हक की लड़ाई क्या हो सकती है और उनकी मांग क्या होगी, जिस वजह से उनलोगों को विरोध प्रदर्शन करना पड़ा. ऐसे गजब के काम भी लोग करते हैं, यह कोई मजाक या वायरल होने के लिए किया गया स्टंट नहीं है. वाकई में अफ्रीका के घाना में शराबियों का एसोसिएशन है और इन लोगों ने वहां की सरकार को अपनी मांगों को लेकर अल्टीमेटम भी दिया है.



### घाना में शराबियों का संगठन

घाना में बकायदा शराबियों ने एक संगठन बना रखा है और इनलोगों ने वहां की सरकार से शराब की बढ़ती कीमतों को कम करने की मांग की है. इतना ही नहीं इस संगठन में पूरे देश से 6.6 मिलियन से ज़्यादा सदस्य हैं. पिछले सप्ताह एक्स (ट्विटर) पर एक वायरल पोस्ट में इस संघ के अध्यक्ष, मोसेस ओन्याह, जिन्हें प्यार से बाकी लोग 'ड्राई बोन' कहते हैं, उन्होंने शराब की बढ़ती की कीमतों की निंदा की.

दरअसल, घाना के राष्ट्रीय मुद्रा सेडी के आश्चर्यजनक मूल्यवृद्धि की वजह से शराब की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है. इस लिए शराबी संघ के निराश सदस्यों ने अकरा शहर में मार्च भी निकाला और सरकार से शराब की कीमतें कम करने की मांग की.

## फास्ट ट्रैक

### फर्जी ऐप के जरिए 36 लाख की ठगी

राष्ट्रबाण

**कोलकाता.**पश्चिम बंगाल सीआईडी ने एक फिल्म निर्माता को 36 लाख रुपये के निवेश घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रोसेनजीत रंजन नाथ है. एक सूत्र ने बताया, '36 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले की जांच के दौरान यह बात सामने निकलकर आई कि प्रोसेनजीत घोटाले के रैकेट में सीधे तौर पर शामिल था और घोटाले की कुल रकम में से करीब 18 लाख रुपये सीधे तौर पर प्रोसेनजीत के बैंक खाते में जमा हुए थे.' इस मामले में कुछ और लोग भी सीआईडी की जांच के दायरे में हैं.

कैसे हुआ था घोटाला?

यह घोटाला कुछ साल पहले एक लोकप्रिय निवेश ऐप की नकल करके बनाए गए मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए हुआ था. शिकायतकर्ता को फेसबुक पर एक विज्ञापन के माध्यम से ऐप के बारे में जानकारी मिली. फिर उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया गया. इस ऐप के लाभार्थी होने का दावा करने वाले कुछ लोगों के बारे में कई फ़र्जी कहानियों को पढ़ने के बाद, वह ऐप के ज़रिए शेयर बाज़ार में निवेश करने के लिए तैयार हो गया. ऐप डाउनलोड करने के बाद उसने कुछ महीनों में कुल 36 लाख रुपये निवेश किए.सूत्र का दावा है कि शुरुआत से ही उसे अपने ऐप में ज्यादा मुनाफा दिखने लगा जिसके बाद वह और निवेश करने के लिए प्रेरित हुआ. निवेश करते-करते उसने कुछ ही महीनों के दौरान 36 लाख रुपये निवेश कर दिए. इसके बाद उसे पहला संदेह तब हुआ जब उसने कुछ मुनाफा वापस निकालने की कोशिश की, यानि प्रॉफिट बुक करने की कोशिश की लेकिन वह बार-बार असफल रहा. अंततः उसे समझ आ गया कि वह जाल में फंस गया है.अंततः उसने ठगी का एहसास कर बरासात साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई. कोलकाता हाईकोर्ट ने बाद में जांच सीआईडी को सौंप दी.

# भोपाल के 90 डिग्री मोड़ वाले ब्रिज पर CM मोहन यादव सख्त

## बोले- जिम्मेदारों के खिलाफ एक्शन लेंगे, फॉल्ट को किया जाएगा दुरूस्त

राष्ट्रबाण

**भोपाल.** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में तकनीकी खामियों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि तकनीकी खामियों को दूर करने के बाद ही ओवरब्रिज का उद्घाटन किया जाएगा.

दरअसल, राज्य की राजधानी में ऐशबाग स्टेडियम के पास बना रेलवे ओवरब्रिज (ROB) आलोचना और उपहास का विषय बन गया है, स्थानीय निवासियों और नेटिज़न्स ने इसके डिज़ाइन पर सवाल उठाए हैं. संभावित जोखिमों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वाहनों को इसके असामान्य 90 डिग्री मोड़ से गुजरना मुश्किल होगा. CM यादव ने एक बयान में कहा, ऐशबाग आरओबी के निर्माण कार्य में तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा. इनके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने कहा कि आरओबी में तकनीकी खामियों को दूर करने का काम शुरू हो गया है और काम पूरा होने के बाद ही इसका उद्घाटन किया जाएगा.



PWD अधिकारियों ने कहा कि अगर थोड़ी अतिरिक्त जमीन उपलब्ध हो जाए तो 90 डिग्री के शार्प मोड़ को कर्व में बदला जा सकता है. मार्च 2023 में आरओबी का निर्माण शुरू होने से पहले सरकार ने कहा था कि इसके चालू हो जाने पर ऐशबाग क्षेत्र के लोगों को न तो रेलवे क्रॉसिंग पर इंतजार करना पड़ेगा और न ही लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा और इससे हर दिन करीब तीन लाख लोगों को फायदा होगा. हालांकि, इसके 90 डिग्री के मोड़ के कारण, सोशल मीडिया यूजर्स के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने कहा कि दोषपूर्ण डिजाइन दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है क्योंकि इसके तीखे कोण के कारण वाहनों को मोड़ से गुजरना मुश्किल होगा.

# कथावाचक कांड के बाद इटावा के दांदरपुर में बवाल !

## अहीर रेजिमेंट' के लोगों की पुलिस से झड़प

राष्ट्रबाण

**इटावा.** यूपी के इटावा में माहौल तनावपूर्ण हो गया है. यादव कथावाचकों से बदसलूकी के मामले में 'अहीर रेजिमेंट' के लोग भारी संख्या में दांदरपुर गांव पहुंचने की कोशिश कर रहे थे. पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने उनपर पथराव कर दिया. जिसके चलते पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा.

हालात ऐसे हो गए कि दारोगा को कई राउंड हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी. घटना का वीडियो सामने आया है. पत्थरबाजी में पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई. मौके पर भारी फोर्स मौजूद है. फिलहाल, शांति-व्यवस्था कायम है. आइए जानते हैं पूरा मामला...

हाल ही में दांदरपुर गांव में यादव कथावाचकों से बदसलूकी हुई थी. इसको लेकर ब्राह्मण और यादव पक्ष के लोगों आमने-सामने हैं. इसी बीच आज गगन यादव की अगुवाई में 'अहीर रेजिमेंट' के लोग गांव में घुस रहे थे. पुलिस फोर्स ने उन्हें रोका तो भीड़ भड़क उठी और पुलिस पर ही पथराव शुरू कर दिया. भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से पुलिस की गाड़ी भी तोड़ डाली. ऐसे में पुलिस को अपने बचाव में हवाई फायरिंग करनी पड़ी.हालांकि, इस दौरान पुलिस फोर्स कुछ देर के लिए बैकफुट पर आती दिखी. लेकिन सीनियर अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तो उपद्रवी पीछे हटे. पुलिस ने दौड़ाकर कई उपद्रवियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. पुलिस एक्शन के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई. लोग इधर-उधर भागते नजर आए. अब पुलिस वीडियो के माध्यम से फरार उपद्रवियों को खोज रही है. मामले में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्रीशचंद्र ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा उपद्रव करने की कोशिश की गई थी. हालांकि, तत्काल ही इन सबको नियंत्रण में कर लिया गया. शांति-व्यवस्था कायम है.



दांदरपुर गांव में 21 जून को कथावाचक मुकुट मणि यादव और उनके साथी संत कुमार यादव के साथ दुर्व्यवहार किया गया था. मारपीट के बाद संत यादव का सिर भी मुड़वा दिया गया था. आरोप था कि इन्होंने जाति छिपाकर कथा कही और महिला से छेड़खानी की. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने 23 जून को गांव के चार आरोपी ब्राह्मण युवकों को गिरफ्तार कर लिया. फिर इसके बाद कथा आयोजक पक्ष ने कथावाचकों पर भी रिपोर्ट दर्ज करा दी. मामले में अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार को घेरा था. पीड़ित कथावाचकों को सम्मानित भी किया.

दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया गया है. कानून के अनुसार इनपर कार्रवाई की जाएगी. पुलिस ने कोई एक्शन नहीं किया. गांव के बाहर फोर्स पहले से तैनात थी. तभी सड़क पर कुछ लोग उतर आए और अशांति फैलाने की कोशिश की. जिसके बाद पुलिस ने उन्हें काबू में किया. कुछ गाड़ियां भी सीज की गई हैं.

# 'भजनलाल शर्मा को CM पद से हटाने की चल रही बड़ी साजिश...'

## अशोक गहलोत का दावा

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** राजस्थान की सियासत एक बार फिर गरमा गई है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने मौजूदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेकर गंभीर दावे किए हैं. गहलोत ने दावा किया है कि शर्मा को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर ही एक भयंकर षड्यंत्र रचा जा रहा है.

मीडिया से बातचीत में अशोक गहलोत ने कहा, अभी तो इनके खिलाफ में इनके पार्टी के लोग लग चुके हैं, दिल्ली में भी और राजस्थान के अंदर भी. भयंकर षड्यंत्र चल रहा है इनको हटाने का, ये समझ नहीं पा रहे हैं.₹ गहलोत ने यह भी कहा कि उन्होंने खुद शर्मा के हित में यह सलाह दी है कि उन्हें बनाए रखना चाहिए, क्योंकि एक युवा नेता को पहली बार मौका मिला है और वह सीधे मुख्यमंत्री बन गए हैं, यह बहुत बड़ी बात है. तारीफ करने वाले लोग ज्यादा इसलिए सच्चाई पता नहीं चल रही! अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री के चारों ओर के माहौल पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि शर्मा के इर्द-गिर्द तारीफ करने वालों का घेरा बना हुआ है, जिससे उन्हें असली हालात की जानकारी नहीं मिल पा रही है. पूर्व सीएम ने कहा,अब जो इनके चारों ओर जो घेरा बना लिया है इन्होंने, वो इनकी तारीफों के पुल बांध रहा होगा कि अच्छी सरकार चल रही है, तो इनको समझ में आ नहीं रही है.



पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वह राजनीतिक आलोचना नहीं कर रहे, बल्कि सिर्फ जनता की बात सामने रख रहे हैं. गहलोत ने आगे कहा, ₹हम आलोचना करते हैं तो वो खाली फीडबैक के आधार पर है. अभी तो साल डेढ़ साल हुआ है, हम क्या राजनीतिक आलोचना करेंगे? उन्होंने कहा कि जनता सरकार की योजनाओं के बंद होने और समस्याओं को लेकर परेशान है, और उनकी पार्टी सिर्फ वही मुद्दे उठा रही है.गौरतलब है कि अशोक गहलोत के कार्यकाल (2018-2023) में भी उन्होंने कई बार यह दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार को गिराने की साजिश की जा रही है. उस समय गहलोत और सचिन पायलट के बीच राजनीतिक खींचतान की खबरें भी लगातार चर्चा में थीं. अब एक बार फिर गहलोत के ताजा बयान से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

# शुभांशु के ISS पहुंच ते ही मां हुईं भावुक

## पिता बोले- दुआओं के लिए सबका धन्यवाद

राष्ट्रबाण

**लखनऊ.** भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को इतिहास रच दिया जब वे अंतर-राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस सफलता पर शुभांशु और पूरी Ax-4 टीम को बधाई दी और इसे भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष कद का प्रतीक बताया. इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के स्कूल में लाइव डॉकिंग का लाइव टेलीकास्ट किया गया. इस दौरान शुक्ला के माता-पिता, शिक्षकों समेत कई रिश्तेदार मौजूद रहे. परिवार का कहना है कि ये पल उनके लिए बेहद खास है और वे चाहते हैं कि शुभांशु सुरक्षित लौटे और परिवार के साथ यह गौरव साझा करें.



### इस सफलता के लिए बेटे पर गर्वः शुक्ला के पिता

वहीं उनके पिता ने भावुक होते हुए कहा, ये हमारे लिए गर्व का पल है. दुआओं और समर्थन के लिए हम सबका धन्यवाद करते हैं. हमें बहुत खुशी है. सफल डॉकिंग हुई है. भगवान का शुक्रिया करते हैं. ये बहुत अहम पड़ाव था. जिस तरह से मेहनत करके उनसे सफलता हासिल की है, उसके लिए बेटे पर गर्व है. हमारा बेटा शुरू से ही तेज रहा है. इस स्कूल ने बहुत सिखाया है उसे. पूरी तरह अपने आप को गौरव शाली मान रहे हैं. उसकी उपलब्धि हमारी उपलब्धि है.उन्होंने आगे कहा कि बेटा एयरफोर्स में जब कहीं दूर जाता था तो कम से कम पृथ्वी पर ही रहता था. अब तो अंतरिक्ष में है. अब तो बस जब उधर से आयेगा तभी बात कर पाएंगे. उसका 2019 से खाना पीना छूटा हुआ है. उसकी चिंता नहीं है. वह सब मैनेज कर लेता है. बच्चे के लिए हमारा यही संदेश है कि पूरे आत्मविश्वास से अपना काम करे. फिर आकर हमसे मिले.शुक्ला के स्कूल में बच्चों और शिक्षकों ने इस मौके पर उत्साह के साथ लाइव टेलीकास्ट देखा.

**दावा** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने कहा

# जायोनिस्ट को कुचला और अमेरिका को मारा तमाचा

राष्ट्रबाण

**तेहरान.** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को इजरायल से छिड़ी जंग के बाद पहली बार अपने देश वासियों को संबोधित किया. उन्होंने देश को इजरायल पर जीत की बधाई दी. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, झूठे यहूदियों के शासन पर जीत की बधाई₹. इसके बाद उन्होंने अमेरिका पर भी जीत का दावा किया. खामेनेई ने कहा कि हमने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा और इजरायल को कुचल दिया.

इजरायल को बूट से कुचलने वाली प्रतीकात्मक फोटो पोस्ट किया

खामेनेई ने कहा, ₹इतने सारे शोर-शराबे और दावों के बावजूद, ज़ायनिस्ट शासन इस्लामी गणराज्य के प्रहारों के आगे लगभग ढह चुका है और पूरी तरह से कुचल दिया गया है.₹ इस दौरान उन्होंने इजरायल को कुचलने के लिए प्रतीकात्मक रूप में एक बूट की एआई इमेज भी पोस्ट की.

अमेरिका के जलते हुए झंडे की एआई इमेज पोस्ट कर लिखा ये संदेश

खामनेई ने अपने संबोधन के दौरान अमेरिका के जलते हुए झंडे की एआई इमेज पोस्ट की और संदेश में लिखा, हमने कभी किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया है,

और न ही हम कभी किसी को हमारे अधिकारों का उल्लंघन करने देंगे, और न ही हम किसी के अत्याचार के सामने आत्मसमर्पण करेंगे;

**यही ईरानी राष्ट्र का तर्क हैजायनिस्ट शासन को कुचला**

खामेनेई ने ट्वीट में लिखा, मैं ईरान के महान राष्ट्र को कुछ बधाइयां देना आवश्यक समझता हूँ. पहली; नकली ज़ायनिस्ट शासन पर मिली जीत के लिए बधाई. दूसरी इतने शोर-शराबे और दावों के बावजूद, ज़ायनिस्ट शासन इस्लामी गणराज्य के प्रहारों के सामने लगभग ढह चुका है और कुचल दिया गया है.

अमेरिकी हमले पर क्या बोले खामेनेई

ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा, ₹हमारे परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका के हमलों से कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ.₹ ₹वॉशिंगटन ने इज़रायल को पतन से बचाने के लिए युद्ध में प्रवेश किया.₹ ₹इज़रायलियों को यह समझ आ गया कि अपनी अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के बावजूद, ईरान पर हमला करना उनके लिए असहनीय कीमत वाला साबित हुआ है.**ट्रंप के आत्मसमर्पण वाले बयान पर खामेनेई ने किया ये ट्वीट**

खामेनेई ने ट्रंप द्वारा ईरान को आत्म-समर्पण करने वाले बयान पर भी ट्वीट किया. उन्होंने लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ₹ईरान को आत्मसमर्पण करना होगा.₹ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के मुंह से निकले के लिए बहुत बड़ा और अतिरंजित है.



### अमेरिका पर भी जीत का दावा

एक अन्य ट्वीट में खामेनेई ने लिखा, मैं हमारे प्रिय ईरान को अमेरिकी शासन पर जीत की दूसरी बधाई देता हूं. अमेरिकी शासन ने सीधे युद्ध में इसलिए प्रवेश किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने ऐसा नहीं किया, तो ज़ायनिस्ट शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा. हालांकि, इस युद्ध से उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ. यहां भी, इस्लामी गणराज्य विजयी रहा और बदले में अमेरिका के चेहरे पर ज़ोरदार तमाचा मारा.

### खामेनेई ने तीसरी बधाई में क्या कहा?

खामेनेई ने देश के नाम किए संबोधन के दौरान तीसरी बधाई, ईरान की असाधारण एकता के लिए दी. उन्होंने कहा कि लगभग 9 करोड़ की जनसंख्या वाला यह राष्ट्र एकजुट होकर, एक स्वर में, कंधे से कंधा मिलाकर, अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा रहा. ईरान_राष्ट्र ने अपने विशिष्ट चरित्र का प्रदर्शन किया और दिखा दिया कि जब ज़रूरत पड़े, तो यह राष्ट्र एक आवाज़ बनकर सुना जाएगा.

# OBC लिस्ट पर कलकत्ता हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

## बंगाल सरकार ने सुको में दी कानूनी चुनौती

राष्ट्रबाण



**नई दिल्ली.** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी की गई नई ओबीसी (अनु-सूचित जाति) सूची पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया. इस अधिसूचना में कुल 140 उप-श्रेणियां जोड़ी गई थीं, जिनमें 80 मुस्लिम और 60 गैर-मुस्लिम उप-समूह शामिल थे. उच्च न्यायालय ने इस नई सूची को अस्वीकार करते हुए पिछली 113 समूहों वाली सूची को रद्द कर दिया है. इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की गई है. बंगाल सरकार द्वारा पहले जो सूची जारी की गई थी, उसमें कुल 113 ओबीसी उप-समूह शामिल थे. लेकिन हालिया अधिसूचना में इस संख्या को बढ़ाकर 140 कर दिया गया, जिससे कई नए उप-समूहों को ओबीसी श्रेणी में शामिल किया गया. इस कदम को लेकर कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने इस अधिसूचना पर रोक लगाने का आदेश दिया. इसके साथ ही, उच्च न्यायालय ने पिछली सूची से संबंधित सभी सरकारी आदेशों को भी निलंबित कर दिया है. ओबीसी जाति प्रमाणपत्र आवेदन प्रक्रिया को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जब तक कि अगली सुनवाई नहीं हो जाती.पश्चिम बंगाल सरकार ने इस सूची को सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया था. हालांकि, न्यायालय ने कहा है कि इस विषय पर विस्तारपूर्वक जांच और सुनवाई आवश्यक है, ताकि किसी भी पक्ष को न्याय मिले और समाज में समानता बनी रहे.

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 27 जून 2025

राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# लोक सेवा पदोन्नति नियमों को लेकर मंत्रालय में मीटिंग

## चीफ सेक्रेट्री अनुराग बोले, सभी विभाग 31 जुलाई तक पूरी करें पदोन्नति की प्रक्रिया

भोपाल। राष्ट्रबाण

सामान्य प्रशासन विभाग ने लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को लेकर सवालों के जवाब देने के लिए गुरुवार को मंत्रालय में सभी विभागों के अफसरों की बैठक बुलाई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग प्रमुखों से कहा कि पदोन्नति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह प्रयास किया जाए कि 31 जुलाई 2025 तक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नत किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के मुताबिक कर्मचारी-कल्याण को प्रमुखता से लें। यह नियम एक हफ्ते पहले ही लागू किए गए हैं। बैठक में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव उपस्थित थे। यहां पदोन्नति से संबंधित प्रावधानों पर बात की गई। बैठक में मुख्य सचिव जैन ने कहा कि 9 साल की बड़ी समस्या इस नियम के लागू होने से समाप्त हो सकेगी। नियमों को बनाने में वरिष्ठ सचिव समिति एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बहुत मेहनत एवं गहन चर्चा की है। नियमों के लागू होने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी।

### बैठक के यह रहे खास बिन्दु

- पहली डीपीसी 31 जुलाई के पहले सभी विभाग कर लें
- दूसरी डीपीसी सितंबर से नवंबर के बीच कर लें। ताकि दिसंबर 2025 की स्थिति में रिक्त पदों पर पदोन्नति की जा सके।
- इसके बाद अगले साल सितंबर से नवंबर के बीच दिसंबर 2026 की स्थिति में रिक्त होने वाले पदों के लिए डीपीसी की जाएगी।
- अगर मामला कोर्ट में पेंडिंग है तो कोर्ट के पुराने नियम से पदोन्नति होगी।



### नियमों की विस्तार से दी गई जानकारी

चर्चा के दौरान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे एवं उप सचिव अजय कटेसरिया ने मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 की विस्तार से जानकारी दी। इसमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित पदों की गणना, विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक, अर्हकारी सेवा की गणना, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन, पदोन्नति के लिए अपात्रता, पदोन्नति का प्रकार, पदोन्नति के फलस्वरूप वेतन का निर्धारण, सीलबंद लिफाफे की स्थिति में प्रक्रिया सहित प्रतीक्षा सूची से पदों को भरे जाने की जानकारी दी गई।

### कर्मचारी कल्याण को दें प्राथमिकता

मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग में कर्मचारी-कल्याण को प्राथमिकता दी जाए। विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठकें आयोजित की जाएं। कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन, विभागीय जांच एवं पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय से करें।

### परामर्शदात्री समिति की बैठकें नहीं होने का मामला उठा

परामर्शदात्री समिति की बैठकें नहीं हो रही हैं। इसे करने के लिए कहा गया है। हर तीन महीने में बैठकें होना चाहिए ताकि कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर निर्णय हो सकें, लेकिन विभाग के अधिकारी बैठक नहीं बुलाते हैं, इसलिए मामले अनसुलझे रहते हैं और कोर्ट में जाते हैं।

### अफसरों के प्रश्नों के समाधान किए

परिचर्चा में पुलिस, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन, अनुसूचित जाति विकास, परिवहन, वन सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान मुख्य सचिव जैन द्वारा किया गया। मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों से कर्मचारी-कल्याण से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की। परिचर्चा में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, आयुक्त एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# 70 प्लस मीसाबंदियों, फ्रीडम फाइटर्स को मिलेंगे आयुष्मान कार्ड

## सीएम हाउस में ताम्रपत्र से कर्नाटक के राज्यपाल और पूर्व गवर्नर सोलंकी का हुआ सम्मान

भोपाल। राष्ट्रबाण

मीसाबंदियों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फ्री इलाज के लिए 70 वर्ष से ऊपर के लोकतंत्र सेनानियों को आयुष्मान कार्ड देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को इलाज के लिए बड़े अस्पताल या शहर जाने के लिए एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं रोजगार संबंधी योजनाओं में पात्रता पाए जाने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में सीएम ने कहा संविधान के हत्यारे संविधान बचाने की बात करें तो ये कैसे सहेंगे। जिन्होंने अंबेडकर के साथ अन्याय किया वो अंबेडकर की बात करते हैं। कांग्रेस के अतीत के साथ लोकतंत्र के विरोधियों से हम सब निपटते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौर में आप लोगों ने जो कीमत चुकाई उसका अंदाज लगा लो, 1947 में देश आजाद हुआ, पर पड़ोसी पाकिस्तान हमसे एक दिन पहले आजाद हुआ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता अब तक नहीं सुधरी। आज के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूरा देश देख रहा है। दूसरी तरफ 50 साल तक विपक्ष के नेता की भूमिका में अटल जी ने आदर्श स्थापित किए। अब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से लेकर ट्रम्प तक जो नहीं बोल पाए वो बात हमारे देश के नेताओं ने बोलकर सेना पर सवाल उठाए। देश लोकतंत्र सेनानियों द्वारा 50 साल पहले किए गए कामों को याद रखेगी।




### लोकतंत्र का करिश्मा है, जो जेल जाने वाले राज्यपाल बने

कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों की तपस्या के कारण आज देश में लोकशाही स्थापित है। ये लोकशाही का करिश्मा है कि जिन्हें लोकतंत्र की हत्या करके जेल भेजा गया, वे आज लोकशाही में राज्यपाल बने हैं। एक व्यक्ति की सत्ता की भूख ने सारे देश को कारागार बना दिया था। गांधी के बराबर जिनकी प्रतिष्ठा थी ऐसे जयप्रकाश नारायण, अटल जी, राजमाता सिंधिया और कई नेता जेल में बंद किए गए। काश उस वक्त ये पूछा जाता कि कैबिनेट का फैसला कहां है? तो देश को आपातकाल को नहीं झेलना पड़ता। यदि कांग्रेस के लोग इंदिरा गांधी के फैसले का विरोध करते तो देश को इमरजेंसी नहीं देखना पड़ती।

### ग्लोबल वार्मिंग के संतुलन में भूमिका निभाएं

गहलोत ने कहा कि आप लोग अपने गांव, क्षेत्र में लोगों को बताएं जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी दिलाने के लिए काम किया था, उसी संकल्प को लेकर वर्तमान सरकार काम कर रही है। आज विश्व स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग बड़ी समस्या है। इसके संतुलन में आप अपनी भूमिका निभाएं। देश की अर्थव्यवस्था सुदृण हुई है, दुनिया के देशों की तुलना में हमारी अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर पहुंची है। इसको तीसरे स्थान पर लाने का संकल्प भारत सरकार ने लिया है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं। क्या आप सहयोग और समर्पण कर सकते हैं। अर्थव्यवस्था को सुधारने में मदद करें।

### मीसाबंदियों के लिए मप्र में सबसे अधिक सुविधाएं, चौहान को बधाई

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि 12 राज्यों में लोकतंत्र सेनानियों को कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके लिए शिवराज सिंह चौहान को बधाई देता हूं और मध्य प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। सेनानियों को जो ताम्र पत्र दे रहे हैं वह लोकतंत्र सेनानियों की आने वाली पीढ़ियां को आपातकाल की याद दिलाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अपना देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस लोकतंत्र के लिए आप सब ने योगदान दिया। आपातकाल के दौरान लगभग 46 से अधिक अध्यादेश जारी हुए। संविधान के अनुच्छेद 38, 39 और 42 में ऐसे संशोधन किए जिनके माध्यम से संविधान को शिथिल कर दिया। देश की आजादी खत्म कर दी और लोगों के अधिकार समाप्त कर दिए। इस बात की जानकारी भावी पीढ़ी को देने की जरूरत है।

# जमीन विवाद में किसान की पीट-पीटकर हत्या

## भाई-भतीजों पर लगे वारदात के आरोप, पत्नी बोली- मेरे अपंग पति के साथ धोखा किया

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के गुनगा इलाके में दिव्यांग किसान की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। वारदात को 3 एकड़ जमीन के विवाद को लेकर अंजाम दिया गया है। हत्या के आरोप मृतक के भाई और भतीजों पर लगे हैं। गुनगा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस के मुताबिक बनवारीलाल ठाकुर पुत्र चेन सिंह ठाकुर (47) काछी बरखेड़ा के रहने वाले थे। वहीं उनकी जमीन थी और खेती किसानी करते थे। उनका एक बेटा है जो अपनी नानी के पास रहता है। उनकी पत्नी और वह घर में अकेले रहते थे। घर के करीब ही मृतक के भाई भूजमल सिंह रहते हैं। मृतक की पत्नी का आरोप है कि तीन एकड़ जमीन के तुकड़े को लेकर उनके पति का और भूजमल सिंह तथा उनके परिवार का विवाद चल रहा था।

### सुलाह के बहाने घर बुलाकर हत्या की

मृतक की पत्नी समीक्षा ने बताया कि बुधवार रात करीब 8.30 बजे खाना खाने के बाद पति घर में बैठे थे। तभी भूजमल ने बेटे बंटी से पति को अपने घर बुलाया। जमीन विवाद में बात करने के बहाने उन्हें बुलाया गया था। जहां बातचीत के दौरान हुए विवाद में भूजमल उसके बेटे बंटी सिंह, मनीष दूसरे भाई बैशराम उसका बेटा रजत और संदीप ने मिलकर पति पर लाठी, डंडे और फर्से से हमला कर दिया।

## भोपाल में स्कूल बसों पर आरटीओ की कार्रवाई

**भोपाल।** स्कूल बसों की अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को नर्मदापुरम रोड पर विशेष चेकिंग अभियान के दौरान माउंट कार्मेल और केएम कॉन्वेंट स्कूल समेत कई स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रही 5 बसें जब्त की गईं। ये सभी वाहन जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़े कर दिए गए हैं। इसके अलावा तीन अन्य बसों से बिना पीयूसी और चालक के पास वैध लाइसेंस न होने पर 25,000 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। आरटीओ अमले ने मौके पर ही दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और जिन वाहनों में भारी खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की।

# पूल पार्टी में नशीला जूस पिलाकर नाबालिग से रेप

## महिला इवेंट मैनेजर ने दोस्तों से दुष्कर्म कराया, पीड़िता बोली- कुछ पिलाया और शरीर पर इत्र लगाया

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल में नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया है कि पीड़िता को जान-पहचान की एक युवती ने पहले बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर बुलाया और वहां उसे युवकों के हवाले कर दिया। आरोप है कि महिला ने अगले दिन एक फार्महाउस में पूल पार्टी में ले जाकर पीड़िता को जूस में मिलाकर नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद वहां भी उसका यौन शोषण हुआ। इस मामले में दो महिलाओं समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर करोंद बुलाया

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 19 जून को दीदी (इवेंट मैनेजर रिया उर्फ रितु यादव) ने मुझे बीमारी का बहाना बनाकर अपने घर करोंद बुलाया। जब मैं वहां पहुंची, तो जहांगीराबाद निवासी हनीफ शाह पहले से मौजूद था। उसने जोर-जबरदस्ती कर मेरे शरीर पर इत्र लगाया।

### जब आंख खुली तो मेरे आधे कपड़े उतरे हुए थे

20 जून को रिया मुझे खजूरी सड़क इलाके के एक फार्महाउस 'चॉइस विला' ले गई। वहां पूल पार्टी चल रही थी। यहां रिया ने मुझे जूस में शराब मिलाकर पिलाई। थोड़ी देर बाद मुझे पेट दर्द और उल्टी हुई, तो रिया दीदी ने एक कमरे में सुला दिया। रात में जब आंख खुली, तो मेरे आधे कपड़े उतरे हुए थे। रिया कमरे में अपनी दोस्त माही के साथ बैठी थी। बाद में घर लौटने पर रिया ने मुझे बताया कि मुकेश बालचंदानी (एमके सर) ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं। जब मैंने घर जाने की बात की, तो रिया ने मारपीट की और मुझे घर नहीं जाने दिया।

### मौका देखकर अपनी मां को इंस्टा कॉल किया

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 जून को जब रिया ब्यूटी पार्लर गई, तो मैंने मौका देखकर अपनी मां को इंस्टाग्राम पर कॉल किया। मां फौरन पुलिस को लेकर ब्यूटी पार्लर पहुंची और मुझे छुड़ाया।

# भोपाल में जो बिल्डिंग गिरी, वह 10 साल पहले जर्जर घोषित

## 200 परिवार अभी भी रह रहे; पार्षद बोले- अवैध गतिविधियां हो रहीं, कार्रवाई हो



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के टीटी नगर में जिस बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 32 साल के युवक की मौत हुई, वह करीब 10 साल पहले ही जर्जर घोषित हो चुकी है और इन्हें खाली भी कराया जा चुका है। बावजूद इनमें अब भी लगभग 200 परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। हादसा होने के बाद जिला प्रशासन ने बिल्डिंग से अवैध कब्जा हटवाकर इन्हें जमींदोज करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को जेसीबी की मदद से जर्जर हिस्से को ढहाने का काम शुरू हो गया। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बताया कि इस बारे में संपदा विभाग के अधिकारियों से बात भी हुई है। जल्द ही बिल्डिंग गिराई जाएगी। जिस बिल्डिंग गिरने से युवक की मौत हुई, उसे हादसे के तुरंत बाद ही ढहा दिया गया है। अन्य बिल्डिंग को भी गुरुवार से गिराने का काम शुरू हो गया है। अवैध कब्जा भी हटाया जा रहा है।

### अवैध कब्जा कर मकान किराए से दिया

क्षेत्र के पार्षद जगदीश यादव ने बताया कि ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पीछे ही 50 से 60 साल पुराने जर्जर मकान है। जिन्हें 10 साल पहले खाली करा लिया गया था। यह इलाका सुनसान रहता है। इस वजह से अवैध गतिविधियां होती हैं। 200 से अधिक परिवार अवैध तरीके से रह रहे हैं। कइयों ने तो मकान पर कब्जा करके किराए पर दे रखा है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। एसडीएम को भी पूरी स्थिति के बारे में बताया है।

### घरेलू गैस का कारोबार भी

यहीं पर घरेलू गैस सिलेंडर का भी कारोबार होता है। कई एजेंसियां यहां से घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई करती हैं। वहीं, जर्जर मकानों में ही अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग का कारोबार भी चल रहा है।

### युवक की हो चुकी मौत

बता दें कि बुधवार को यहां के जर्जर सरकारी आवास का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया था। हादसे में कमरे में सो रहे युवक की दबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार (32) के तौर पर हुई है।

# निगमकर्मी के सामने छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या

## भोपाल में विवाद में बीचबचाव करने पहुंचा था; लड़की को लेकर भिड़े थे दो गुट

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के कोलार में नगर निगम के फायरकर्मी के सामने उसके छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना एक रेस्टोरेंट के पास बुधवार रात 10 से 11 बजे के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फायरकर्मी सूरज मोरे और उसका दोस्त आशीष रेस्टोरेंट में बैठकर चाय पी रहे थे। यहां आशीष का किसी लड़की को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो आशीष ने सूरज के भाई आकाश (23) को कॉल कर बुला लिया। दूसरे पक्ष ने भी अपने साथियों को बुलाया। इसके बाद दोनों ओर से चाकूबाजी की गई। चाकूबाजी में आकाश और दूसरे गुट का एक युवक जख्मी हो गए। आकाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि मामले में अवध राठौड़ और तरुण कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग कोलार थाने पहुंच गए और देर रात तक थाने का घेराव कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत कराया। आरोपी फरार हैं।

बताया जा रहा है कि दोनों गुटों में लड़की को लेकर विवाद था। समाज के वरिष्ठ ने चाय की दुकान पर दोनों गुटों को समझौते के लिए बुलाया था। पंचायत में विवाद का हल तलाशने की बात चल रही थी। तभी वारदात हो गई।

## भोपाल के ऐशबाग आरओबी पर पहली बार बोले सीएम, 90 डिग्री एंगल से सुर्खियों में आया

# फॉल्ट को दुरुस्त कर रहे, तभी लोकार्पण करेंगे: सीएम यादव

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के ऐशबाग रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पहली बार बयान सामने आया है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि टेक्निकल फॉल्ट को दुरुस्त कर रहे हैं। इसके बाद ही लोकार्पण करेंगे। उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई किए जाने की बात भी कही है।



ऐशबाग आरओबी अपने 90 डिग्री एंगल के मोड़ से पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। इसकी अनोखी डिजाइन को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने भी जांच कराई। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने इसकी जांच की। जिसमें टर्निंग होने की वजह से बड़ा हादसा होने की संभावना जताई। इसके बाद जिम्मेदार भी तय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐशबाग आरओबी के निर्माण में हुए टेक्निकल फॉल्ट को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। वहीं, उन लोगों को चिंह्नित किया जा रहा है, जो ब्रिज को बनाने के जिम्मेदार हैं। टेक्निकल फॉल्ट दूर करने के बाद ही आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा। ऐशबाग ब्रिज की डिजाइन सोशल मीडिया पर भी जमकर ट्रोल हो रही है और इसके मीम्स भी बन रहे हैं। हालांकि यह ब्रिज टूटेगा नहीं, सिर्फ इसकी टर्निंग सही की जा रही है। ताकि टकराकर वाहनों के गिरने का खतरा न रहे।

### सोशल मीडिया पर मीम्स भी बने

भोपाल में बना यह रेलवे ओवरब्रिज को लेकर लोग सोशल मीडिया पर मीम्स बना रहे हैं। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। वाहनों के या तो ब्रिज की दीवारों से या फिर आपस में टकराने का खतरा बना रहेगा।

### क्रॉसिंग बंद होने से ब्रिज की जरूरत

ब्रिज के निर्माण के समय रेलवे ने भी 90 डिग्री की इस टर्निंग पर आपत्ति की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने यहां जगह कम होने का हवाला देते हुए कहा था कि और कोई विकल्प नहीं है। ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद इस इलाके के लिए आरओबी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए कम जगह में भी इसे बनाना होगा। ब्रिज की डिजाइन को लेकर कांग्रेस सवाल भी उठा चुकी है।

### 18 महीने में बनकर तैयार होना था

इस ब्रिज का निर्माण मई 2022 में शुरू हुआ था और इसे 18 महीने में पूरा करना था, लेकिन अब तक पूरी तरह से नहीं बन सका है। इसकी लागत 18 करोड़ रुपए है। 648 मीटर लंबे और 8 मीटर की चौड़ाई वाले ब्रिज का 70 मीटर हिस्सा रेलवे का है।

संपादकीय

# ट्रंप से अब और सावधान हो जाए भारत

इन परिस्थितियों में रूसी विदेश मंत्री द्वारा प्रस्तावित रूस, चीन और भारत का त्रिकोण अब प्रासंगिक लगता है. चीन भी अब इसे लेकर सजग हो रहा है. भारत और चीन के रिश्तों में बर्फ पिघलती देखी जा सकती है. हाल में शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की मुलाकात के बाद आए चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में उल्लेख कुछ दिनों के भीषण युद्ध के बाद इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष विराम हो गया. कहना मुश्किल है कि यह संघर्ष विराम कितने समय तक टिकेगा? ईरान पर हमला बोलते समय इजरायल ने यह कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना है. उसे कुछ आरंभिक सफलता भी हासिल हुई. उसके अचानक हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु विज्ञानी मारे गए. शुरुआती सफलता के बीच इजरायल ने कहना शुरू कर दिया कि हमले के पीछे उसके उद्देश्य बड़े हैं और एक उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन का भी है.



इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रंप की ओर पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की आवभगत का एक गहरा अर्थ है. जब मुनीर व्हाइट हाउस में थे, लगभग उसी समय अमेरिकी मदद से सत्तासीन बांग्लादेश की भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मिल रहे थे.

ईरान की सत्ता उन कट्टर मजहबी नेताओं के कब्जे में है, जो हमास-हिजबुल्ला का साथ देते हैं. इजरायल के समर्थन में अमेरिका के कई ताकतवर नवरूढ़िवादी सांसदों की आवाज भी उठने लगी. शुरुआत में अमेरिका इस लड़ाई में कूदने से हिचक रहा था, पर ईरान की जवाबी कार्रवाई से घिरे इजरायल की मदद के लिए आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी वायु सेना को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के आदेश देने ही पड़े. इसके बावजूद ईरानी परमाणु कार्यक्रम के पूरी तरह ध्वस्त होने को लेकर संदेह है. वैसे भी ईरान की मिसाइल क्षमता आशा से कहीं अधिक निकली. युद्ध लंबा खिंचने पर इजराइल में कहीं अधिक बर्बादी हो सकती थी. इसी कारण ट्रंप ने आनन-फानन युद्ध विराम का एलान भी कर दिया और वह भी अपने व्यापक लक्ष्यों की पूर्ति के बिना, क्योंकि न तो ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह नष्ट हो पाया और न ही वहां सत्ता परिवर्तन के कोई आसार दिख रहे. हालांकि इसका यह अर्थ नहीं कि इजरायल और ट्रंप के मागा (मेक अमेरिकी ग्रेट अगेन) खेमे ने यह योजना सदा के लिए छोड़ दी है. सही मौका देखकर इसे फिर से क्रियान्वित करने का प्रयास होगा. वैसे तो अमेरिका को 'फिर से महान बनाने के अभियान' में लगा ट्रंप प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए किसी जमीनी युद्ध में नहीं उलझना चाहता, परंतु उसके इरादों को देखते हुए भारत को सतर्क होना होगा. भारत को सामरिक दृष्टिकोण से भी इस युद्ध के निहितार्थ समझने की आवश्यकता है.

# शुभांशु की उड़ान से नया आत्मविश्वास

नासा ने एक्सिओम मिशन-4 के तहत जिन 4 अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा है, उनमें भारतीय वायुसेना के कप्तान शुभांशु शुक्ल भी शामिल हैं. शुभांशु को खासतौर पर गगनयान मिशन की दृष्टि से ही तैयार किया गया था. हमें फॉलो करें अंतरिक्ष अब कुतूहल का विषय नहीं, बल्कि कारोबारी संभावनाओं के अनंत आकाश में तब्दील हो चुका है. इसीलिए दुनिया के तमाम उन्नत देश अंतरिक्ष में अपनी पहचान अंकित करने की होड़ में

भारत भी पिछले कुछ वर्षों से अपने तकनीकी विकास, अनुसंधान क्षमता और प्रणाली के बल पर अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों की कतार में शामिल हो गया है. उपग्रह प्रक्षेपण के कारोबार में तो वह दुनिया के कई देशों को चुनौती देने लगा है. अब भारत अपनी महत्त्वाकांक्षी गगनयान योजना पर काम कर रहा है. उस दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है.

अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजंसी नासा ने एक्सिओम मिशन-4 के तहत जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा है, उनमें भारतीय वायुसेना के कप्तान शुभांशु शुक्ल भी शामिल हैं. शुभांशु को खासतौर पर गगनयान मिशन की दृष्टि से ही तैयार किया गया था. वे



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच कर सात प्रयोग करेंगे. यह भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है कि लंबे समय बाद उसका तैयार किया हुआ कोई अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में गया है. राकेश शर्मा के बाद शुभांशु को दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री का गौरव प्राप्त हुआ है. अंतरिक्ष में मानव को भेजना इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि उन्नत अंतरिक्ष यानों, ताकतवर कैमरों, रोबोटिक यंत्रों आदि के विकास के बावजूद अंतरिक्ष के विस्तार को पूरी तरह खंगाल पाना संभव नहीं है. इसलिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया गया, ताकि वहां रह कर अंतरिक्ष यात्री विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन कर सकें. मगर उस स्टेशन तक मानव को भेजना और वापस लाना अब भी बड़ी चुनौती है. सुनीता विलियम्स के वहां लंबे समय तक फंस जाने की घटना से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है.जिन यात्रियों को वहां भेजा जाता है, उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, क्योंकि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के लिए जिस तरह शरीर को ढालने की जरूरत होती है, वह कम ही लोग कर पाते हैं. फिर, उस स्टेशन तक यात्रियों को भेजने के लिए भरोसेमंद यान अभी तक अमेरिका ही विकसित कर पाया है. शुभांशु के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने से भारत को अपने अंतरिक्ष यात्री तैयार करने का रास्ता खुलेगा और गगनयान मिशन के लिए काम करने में काफी मदद मिलेगी.अंतरिक्ष के बहुत सारे रहस्य अभी खुलने बाकी हैं. उसका अध्ययन केवल इसलिए महत्त्वपूर्ण नहीं है कि उसमें जीवन की संभावनाओं की तलाश हो सकेगी. विभिन्न ग्रहों पर खनिजों और नए तत्त्वों की खोज से विज्ञान व मानवता के लिए नए रास्ते भी खुल सकेंगे. भविष्य में धरती के कई खनिज बढ़ती जरूरतों के आगे अपर्याप्त पड़ सकते हैं. इसलिए दूसरे ग्रहों पर उनकी तलाश अभी से करनी पड़ेगी. फिर, अब तो अंतरिक्ष पर्यटन पर जोर बढ़ रहा है. इस दिशा में कई सरकारी व निजी प्रयास हो रहे हैं. गगनयान मिशन को भी इसी दृष्टि से विकसित किया जा रहा है कि अंतरिक्ष पर्यटन की संभावनाओं को भुनाया जा सके. ऐसे में शुभांशु जैसे अंतरिक्ष यात्रियों की जरूरत बढ़ेगी. दुनिया के देशों की उन्नति इस बात से भी आंकी जाने लगी है कि अंतरिक्ष में किसकी कितनी पहुंच है और अपने दम पर वह अंतरिक्ष में कितनी जगह बना पाया है.

# मताधिकार का अधिकार सुरक्षित

उत्तराखंड हाई कोर्ट का फैसला - कि अतिक्रमित भूमि पर रहने की वजह से किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता- भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को दोहराता है. वोटिंग का अधिकार संविधान की ओर से दिया गया है और इसका आधार जमीन का टुकड़ा नहीं हो सकता. न यह अधिकार इतना कमजोर है कि इसे किसी सरकारी फरमान से छीना जा सके. उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के कुछ लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी, जंगल या किसी और जमीन पर अतिक्रमण करके रहने वालों को पंचायत चुनावों में मतदान करने या इलेक्शन लड़ने से वंचित किया जाएगा. हाई कोर्ट ने इस पर साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार सुरक्षित है और न्यायपालिका या सरकार कोई भी इसे वापस नहीं ले सकता. राज्य सरकार का यह आदेश अगर लागू हो जाता, तो एक



खतरनाक मिसाल बन सकता था. देश के कई हिस्सों में आज भी लाखों लोग ऐसी जमीनों पर रह रहे हैं, जिनका स्वामित्व स्पष्ट नहीं है, खासतौर पर शहरों के बीच बसी झुग्गियों, गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में. देश में वैसे भी जमीन से जुड़े मुकदमे बरसों तक चलने के लिए बदनाम हैं. कई मामलों में पीढ़ियां बदल गई और फैसला नहीं आया. लेकिन, इसका यह मतलब नहीं है कि इन्हें अतिक्रमणकारी बताकर इनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया जाए. लोकतंत्र में मताधिकार केवल चुनावी प्रक्रिया का एक अंग नहीं है. इसी से भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है. संविधान ने देश के लोगों को यह अधिकार दिया है जब अनुच्छेद 326 के ड्राफ्ट आर्टिकल को शामिल किया जा रहा था, तब भी इस पर आपत्ति उठाई गई थी. एक सदस्य ने वयस्क मताधिकार का विरोध करते हुए अंदेशा जताया था कि अगर मतदाता जागरूक और शिक्षित न हुआ, तो संसदीय लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती. हालांकि वक्त ने इस अंदेशे को हवा में उड़ा दिया. हर नागरिक, जो निर्धारित आयु पूरी कर चुका हो और कुछ विशेष आधारों पर अयोग्य न हो, उसे मतदाता बनने का अधिकार है. शुरुआत में यह आयु 21 वर्ष थी, जिसे 61वें संविधान संशोधन के जरिये घटाकर 18 वर्ष किया गया. इसका मतलब कि देश का अपने लोगों पर यकीन और पक्का हुआ. जमीन से जुड़े विवाद को लेकर इस यकीन को तोड़ा नहीं जा सकता. हां, अतिक्रमण बड़ी समस्या है, पर उससे निपटने का तरीका वह नहीं, जो उत्तराखंड सरकार ने खोजा.

# अब 2 बार CBSE बोर्ड परीक्षा



यह बदलाव नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान करने को तवज्जो दी गई है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा की परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित करने का फैसला विद्यार्थियों के लिए राहत भरा है. सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026 से इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मानदंडों को अंतिम मंजूरी दे दी है. यह बदलाव इसलिए भी अहम है, क्योंकि इससे न केवल विद्यार्थियों को अपने अंकों में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा, बल्कि पढ़ाई को लेकर उनका तनाव भी कम होगा. परीक्षा का पहला चरण फरवरी और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा. हालांकि, पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा, लेकिन दूसरा मौका मिलने से उन पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव निश्चित रूप से कम होगा. सीबीएसई का परीक्षा व्यवस्था में यह बदलाव नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान करने को तवज्जो दी गई है. विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिहाज से सीबीएसई के इस फैसले को एक महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है. दरअसल, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा का एक और मौका पहले भी मिलता था, लेकिन वह केवल पूरक परीक्षा के लिए होता था. नई व्यवस्था के तहत दूसरे चरण की परीक्षा में विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और अच्छे अंक हासिल करने का मौका मिल सकेगा. जाहिर है कि इससे विद्यार्थियों पर पढ़ाई को लेकर दबाव कम होगा. विद्यार्थी अपनी तैयारी को लेकर यह भी तय कर सकेंगे कि पहले और दूसरे चरण की परीक्षा में किन-किन विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है. मसलन, पहली परीक्षा में गणित, अंग्रेजी और विज्ञान पर और दूसरी परीक्षा में अन्य विषयों पर विशेष ध्यान देना है. नई व्यवस्था में भले ही परीक्षा के दो चरण होंगे, लेकिन विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन वर्ष में सिर्फ एक बार किया जाएगा. यह बदलाव भी परीक्षा प्रक्रिया को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है.

# राशिफल





■ **मेष:** आज मेष राशि वाले आपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए युगल प्रतियोगिताओं में भाग लें. काम का प्रेशर कम लें. छोटी बचत से शुरुआत करें और देखें कि आपका प्रदर्शन कैसा रहता है. स्थिति में सुधार के लिए आपको कुछ वित्तीय विचारों के साथ प्रयोग करने की आवश्यकता है.

■ **वृषभ:** आज आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और भविष्य के बारे में सोचना आपके लिए फायदेमंद होगा. आपका प्रेम जीवन समृद्ध रहेगा, जिससे आपको अपने साथी के साथ संवाद करने में आसानी होगी. बेहतर भविष्य के लिए रचनात्मक योजनाएं बनाएं.

■ **मिथुन:** आज आपको अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए किसी बाहरी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है. आप जो कुछ भी चाहते हैं, उसे प्राप्त करना हमेशा संभव नहीं होता है, विशेषकर विलासिता की वस्तुएं. डाइट को हेल्दी रखें.

■ **कर्क:** आज सेहत का ध्यान रखें. अगर आप अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, तो आपको आय के अन्य स्रोतों के बारे में भी सोचना चाहिए. आपकी प्रतिभा आपके काम आएगी और सभी टास्क में आप आसानी से सफल हो जाएंगे.

■ **सिंह:** सिंह राशि वालों आज आपके लिए अपने रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाने का अच्छा समय है. अपने साथी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेन्ड करें ताकि आप एक साथ गहरा कनेक्शन स्थापित कर सकें. नियमित रूप से हल्की-फुल्की बातचीत करना जरूरी है.

■ **कन्या:** आज आपका साथी यह ध्यान रखेगा कि आप जीवन में खुश और संतुष्ट रहें. अगर आप अपनी इन्कम को अनावश्यक खर्चों में बर्बाद करेंगे तो आप इमर्जेंसी परिस्थितियों का सामना नहीं कर पाएंगे. बाद के चरण में अपने फाइनेंस को संभालना मुश्किल हो जाएगा.

■ **तुला:** आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा लेकिन आप बहुत ज्यादा पैसे नहीं बचा पाएंगे. बात करने से आपको मानसिक शांति पाने और एक-दूसरे पर और भी अधिक भरोसा करने में मदद मिलेगी. आपके सभी काम पूरे होंगे.

■ **वृश्चिक:** वृश्चिक राशि आज का दिन बेहतरीन साबित हो सकता है. बचत करने की कोशिश करें क्योंकि यह आपके वर्तमान आय के स्तर को बनाए रखने में मदद करेगा. अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से जानने के लिए साथ में कुछ अच्छा समय बिताना बेहतर होगा.

■ **धनु:** धनु राशि आज आपका निजी और व्यावसायिक जीवन संतुलित रहेगा. आपको कुछ नया करने का मौका भी मिलेगा. दूसरी ओर, आपको अपने रिश्ते में रोमांस बनाए रखने की जरूरत है ताकि आप दोनों इसे अगले लेवल पर ले जा सकें.

■ **मकर:** मकर राशि आगे की एक नई यात्रा के लिए तैयार हो जाइए. अगर आप शादी के बारे में सोच रहे हैं तो आपको आर्थिक और भावनात्मक तौर पर सोच-विचार करने की जरूरत है. अपने करियर और निजी जीवन को एक साथ संतुलित करने का प्रयास करें.

■ **कुंभ:** कुंभ राशि आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी लेकिन बचत जरूर करें. छोटी बचत से शुरुआत करें और पता करें कि क्या आप अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति को मैनेज करने में सक्षम हैं? आपको जरूरत पड़ने पर पेशेवर मदद लेने की जरूरत है.

■ **मीन:** आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी. अपने पार्टनर के साथ उन मुद्दों पर बात करें, जो आपके रिश्ते में समस्याएं पैदा कर रहे हैं. अगर आप अपने रिश्ते को लेकर बहुत गंभीर हैं तो शादी के बारे में सोचने का यह समय शुभ है.

## फिल्म वर्ग पहेली - 377



**बायें से दायें:-**

1. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-3
3. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-3
6. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-2
7. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-2
8. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-2
9. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-3
12. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-3
14. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-3
17. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-3
18. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-4
20. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -2
21. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-2
22. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-2
23. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-2
24. 'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-2
26. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-2
27. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-2
28. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-2
30. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-3
31. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-2
33. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-3
34. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-2

**ऊपर से नीचे:-**

1. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-3
2. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -3
4. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-2
5. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-3
6. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-3
10. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-2
11. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-3
13. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-3
14. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-4
15. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-4
16. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-3
18. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-3
19. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-2
23. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-4
25. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-3
27. रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-3
29. 'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-2
31. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-2
32. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली -376 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | मो | ल | | फि | जा | | य | श |
| भ | | ह | व | स | | न | र्गि | स | |
| य | | ब्ब | | नी | ल | म | | बॉ | बी |
| | जी | तें | द्र | | ड़ा | | जीं | स | |
| घा | त | | | आ | ई | ना | | | मु |
| त | | आ | वा | रा | | रा | जा | जा | नी |
| क | री | ना | | ध | | ज | | | म |
| | ना | | बे | ना | म | | मौ | | जी |
| हे | | दा | ता | | हि | रा | स | त | |
| मा | या | | ब | ल | मा | | म | | माँ |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 377

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | 7 | | 5 | ■ | 7 | | 5 | | 24 |
| 18 | | 2 | | ■ | | 8 | | 5 | 25 |
| 13 | 3 | | 2 | ■ | 7 | | 4 | | 16 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 5 | | 2 | | 21 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| 29 | | 8 | | 8 | ■ | 6 | | 4 | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

*अंकजाल 376 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 20 | 22 | ■ | 21 | 20 | 20 | 16 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 5 | 29 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 27 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 2 | 3 | 19 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 6 | 4 | 6 | 16 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 37 | ■ | 17 | 16 | 20 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 377

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | द | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वि | ल | क | या | दों | का | मौ | स | म | ड़ |
| क | स | या | ल | र्म | छ | स | या | दी | ख | क |
| क | या | ल | र | क | वी | स | र | ल | श | क |
| क | री | दो | ग | क | ज | र | ग | ग | झ | क |
| जी | जिं | ल | प | नु | स | उ | द्दा | ण | घ | या |
| ती | दा | ल | श | सं | प | म | र | कौ | ला | दों |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | फ | ना | श | की |
| क | द | ल | प | न | क | स | रा | औ | प | क |
| क | र | ल | प | व | जी | या | ऐ | ओ | प | स |
| क | क | ल | प | या | द | स | व्य | ब | प | म |

*शब्द जाल में 'या' से शुरु होनेवाली 10 हिंदी फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

यादें, याद, यादगार, यार गद्दार, यार कसम, यार मेरा, यारी जिंदाबाद, याराना, यादों का मौसम, यादों की कसम.

**शब्दजाल - 376 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | मा | चु | प | चु | प | के | ह | क | ल |
| हा | ला | सू | ह | वि | ल | जी | स | ल | क | भा |
| हे | वी | मा | द | अं | रा | त | र | म | ल | ग |
| रा | र | दा | ल | ल | क | स | ओ | ह | सु | म |
| फे | मु | न | ष | वी | म | मी | त | ल | न | भा |
| री | मी | स्कु | स | जि | क | क | प | च | स | ग |
| के | ह | बु | रा | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | द | ह | प | नी | का | ला | पा | नी |
| हं | गा | मा | सू | ह | ट | ने | ने | ल | जी | क |
| सा | त | रं | ग | के | स | प | ने | री | क | ल |
| म | ह | न | ह | ज | तु | द | न | ज | ल | ना |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# शिक्षा संस्थानों पर ध्यान देना चाहिए



क्यूएस या अन्य किसी भी वैश्विक रेटिंग एजेंसी को भी यह समझना होगा कि देश विशेष की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं. भारत जैसे देश की तुलना पश्चिमी देशों से नहीं हो सकती. भारत में इतनी विविधता है कि हमारे विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षा संस्थान विविधता के उत्सव-स्थल हैं. निःसंदेह यह उपलब्धि प्रेरणास्पद है, परंतु हमें यह भी स्वीकारना होगा कि यह सफलता अभी मुख्यतः आइआइटी, कतिपय केंद्रीय विश्वविद्यालयों और चुनिंदा संस्थानों तक ही सीमित है.

ईरान-इजरायल युद्ध के बीच शिक्षा क्षेत्र में भारत की एक उपलब्धि दबकर सी रह गई. क्यूएस (क्वाक्वेरेली साइमंड्स) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. इस वर्ष इसमें 106 देशों के कुल 1,501 शिक्षा संस्थानों को स्थान मिला, जिनमें 112 संस्थान पहली बार सम्मिलित हुए हैं. भारत के 54 संस्थानों को इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला, जो अब तक का रिकार्ड है. यह संख्या भारत को न केवल जर्मनी (48) और जापान (47) जैसे देशों से आगे ले जाती है, बल्कि इसे अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथा सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाला देश भी बना देती है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में भारत के केवल 11 संस्थान इस सूची में थे. यानी पिछले एक दशक में भारत ने लगभग पांच गुना वृद्धि दर्ज की है. इस वृद्धि में न केवल कई आइआइटी, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, दिल्ली विश्वविद्यालय, अन्ना विश्वविद्यालय, जेएनयू जैसे पारंपरिक एवं सरकारी संस्थानों-विश्वविद्यालयों ने योगदान दिया है, बल्कि कई निजी विश्वविद्यालयों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. आठ भारतीय शिक्षा संस्थान पहली बार इस सूची में शामिल हुए हैं. यह भारतीय उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़ती भागीदारी का एक संकेत भी है. इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह वक्तव्य प्रासंगिक प्रतीत होता है, 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए शानदार खबर लेकर आई है.


# दवाओं के साथ मिला हिंदू विरोधी साहित्य, इलाज के बहाने धर्मांतरण के आरोप

## झोलाछाप डॉक्टर की क्लिनिक सील, आरोपी हिरासत में

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर के रिछाई क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई के दौरान झोलाछाप डॉक्टर की क्लिनिक से भारी मात्रा में बिना लाइसेंस की एलोपैथिक दवाएं और हिंदू धर्म विरोधी आपत्तिजनक साहित्य बरामद हुआ है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने क्लिनिक को सील कर दिया है, वहीं रांझी थाना पुलिस ने आरोपी फर्जी डॉक्टर दशरथ कुमार बैरागी को हिरासत में ले लिया है। विश्व हिंदू परिषद ने आरोपी पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए कड़ी आपत्ति जताई है।





**विश्व हिंदू परिषद का विरोध, थाने में दी शिकायत**

घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के नेताओं ने आरोपी पर सुनियोजित धर्मांतरण की साजिश का आरोप लगाया है। विहिप नेता विनय सिंह ने बताया कि पुलिस को धर्म विरोधी किताबों की सूची और सबूत सौंपे गए हैं।

### 20 रुपए में इलाज, साथ में धर्म परिवर्तन की कोशिश

डिंडोरी जिले का रहने वाला 50 वर्षीय दशरथ बैरागी जनस्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रशिक्षित था। लेकिन प्रशिक्षण के दायरे से बाहर जाकर वह वर्षों से रिछाई में अवैध रूप से क्लिनिक चला रहा था। महज 20 रुपए में गरीब और मजदूर वर्ग के मरीजों का इलाज करने के बहाने वह न सिर्फ झोलाछाप तरीके से एलोपैथिक दवाएं देता था, बल्कि उनके हाथों में हिंदू धर्म विरोधी किताबें थमाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए प्रेरित करता था।

### छापे में मिला बड़ा स्टॉक दवाओं का, नहीं था लाइसेंस

कलेक्टर को शिकायत मिलने के बाद सीएमएचओ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों शरद जैन और प्रवीण कुमार ने दशरथ की क्लिनिक पर छापा मारा। वहां मरीजों की भीड़ लगी थी और बिना पंजीकरण के बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाओं का भंडारण किया गया था। क्लिनिक से करीब 20-25 हजार रुपए कीमत की दवाएं, मल्टीविटामिन, इंजेक्शन और अन्य मेडिकल सामग्री बरामद की गई। न तो क्लिनिक रजिस्टर्ड थी और न ही दवाओं के लिए कोई अनुमति या फार्मासिस्ट उपलब्ध था।

### 15 वर्षों से रिछाई में बना रखा था क्लिनिक

दशरथ बैरागी वर्ष 2001 में जन स्वास्थ्य रक्षक के तौर पर प्रशिक्षित हुआ था। शुरुआती कुछ वर्षों तक उसने स्वास्थ्य केंद्रों में सहायक का काम किया, लेकिन 2010 में रिछाई में खुद की क्लिनिक खोल ली। स्थानीय लोग वर्षों से उसे डॉक्टर समझते रहे, लेकिन अब जाकर उसका असली चेहरा सामने आया है। रांझी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग भी दवाओं की जांच में जुटा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की जा रही है।

### हिंदू देवी-देवताओं पर टिप्पणियों वाली किताबें बरामद

बुधवार रात जब क्लिनिक को सील करने की कार्रवाई हुई, तो दवाओं के साथ ही कई हिंदू विरोधी किताबें बरामद की गईं। इन पुस्तकों में देवी-देवताओं के विरुद्ध अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री पाई गई। आरोप है कि दशरथ ये किताबें अपने मरीजों को मुफ्त में बांटता था और उन्हें धीरे-धीरे धर्म बदलने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता था।

# करोड़ों रूपयों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खा रहा धूल

## परेशान आम जनता, शासन की योजना से वंचित

जबलपुर। राष्ट्रबाण

रामपुर छापर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो की करोड़ों रुपए की लागत से नेशनल हेल्थ मिशन के द्वारा बनाया गया है वह धूल खा रहा है। दरअसल नेशनल हेल्थ मिशन के द्वारा जबलपुर में रामपुर छापर पाटन समेत कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य कराया गया है। जहां अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में आम नागरिकों को सारी सुविधाएं मिलने लगी हैं, वहीं रामपुर छापर स्थित 100 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेजान हालात पर पड़ा हुआ है। वीरान पड़े स्वास्थ्य केंद्र में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी आम जनों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार 4 वर्ष पहले इस स्वास्थ्य केंद्र का कार्य शुरू हुआ था। जिसका निर्माण ठेकेदार द्वारा 6 माह पूर्व ही कर दिया गया है और बिल्डिंग वर्क पूर्ण हो चुका है। अब करोड़ों की यह बिल्डिंग अपने उद्घाटन करने वाले नेता का रास्ता देख रही है। वहीं






संजय मिश्रा, सीएचएमओ : जल्द चालू कराएंगे हॉस्पिटल।





जल्द शुरू हो अस्पताल, क्षेत्रीय नागरिक।

क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त हुई की लगभग 6 महीने से कार्य पूरा हो चुका है, जिसमें अब ताला लगा रहता है और उस पर ठेकेदार के ही दो-चार आदमी रहते हैं। आम जनता को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि अगर शीघ्र ही हॉस्पिटल चालू कर दिया जाए तो क्षेत्र की लगभग 1 लाख जनता इसका लाभ उठा सकेगी। अभी केवल संजीवनी क्लीनिक पर ही आस पास के लगभग 10000 लोग लाभ उठा पा रहे हैं। बड़ी ओर गंभीर बीमारियों के लिए मेडिकल या जिला चिकित्सालय जाना पड़ता है। अगर 100 बिस्तरों का यह अस्पताल शीघ्र शुरू हो जाता है तो यहां की जनता को इलाज के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। जब अस्पताल का शिलान्यास हुआ था तो क्षेत्रीय लोग बहुत ही खुश थे। लोगो में इस बात का उत्साह था कि अब स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जल्द ही निजात मिल सकेगी और क्षेत्र की जनता को यह वहां नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन काम पूरा हो जाने के बाद भी इसका लाभ न मिलने से लोगों में असंतोष है। वही जिम्मेदारों से बात करने पर यह बात सामने आई की ठेकेदार द्वारा पूरा कार्य कर लिया गया है। प्रशासनिक स्वीकृतियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी हैं जल्द ही अस्पताल शुरू कर दिया जाएगा, पर सवाल यह उठता है कि 100 बिस्तरों वाले बहु प्रतीक्षित अस्पताल राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी या फिर खींच तान की भेंट तो नहीं चढ़ रहा है।

# सौतेली मां बोली-खत्म कर दो इसे, पिता ने फायर किया

## बेटे के हाथ-पैर में लगी गोलियां; जबलपुर में संपत्ति विवाद में हत्या करना चाहते थे



जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर के कचनारी गांव में पिता ने बेटे को गोली मार दी। आरोपी ने संपत्ति विवाद में अपनी दूसरी पत्नी के कहने पर ऐसा किया। बेटे के हाथ और पैर में दो गोलियां लगी हैं। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी पिता और सौतेली मां फरार हैं। घटना बुधवार रात करीब 1 बजे की है। घायल आकाश पटेल की शिकायत पर माढ़ोताल थाना पुलिस ने उसके पिता हेमचंद पटेल और सौतेली मां वंदना पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आकाश ने पुलिस को बताया, बातचीत के दौरान सौतेली मां कमरे में गई और पिता को पिस्टल लाकर दी। बोली- इसे खत्म कर दो, जिंदा रहेगा तो परेशान करेगा, हक मांगेगा। इसके बाद पिता ने पहले हाथ में गोली मारी। मैं भागा तो फिर फायर किया, गोली पार में लगी। आकाश घायल हालत में ही माढ़ोताल थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया, देर रात घायल युवक थाने आया था। उसे तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्टल लाइसेंसी थी या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

### 2012 से चल रहा था संपत्ति विवाद

दीनदयाल चौक में रहने वाले आकाश ने बताया कि 2008 में उसके पिता ने मां को तलाक दे दिया था। 2012 में दूसरी शादी कर ली। इसके बाद मां ने अपने हिस्से की संपत्ति मांगी, तभी से विवाद शुरू हो गया। 2022 में आकाश ने पिता के खिलाफ संपत्ति को लेकर कोर्ट में केस कर दिया। इसके बाद से पिता उस पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे। आकाश का आरोप है कि कोर्ट में पेशी के दौरान भी पिता ने उस पर चाकू से हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट विजय नगर थाने में दर्ज है।

### गांव बुलाकर रची साजिश

आकाश ने बताया, 11 जून 2025 को पिता ने फोन किया। कहा कि गांव में बदनामी हो रही है, केस वापस ले लो। इसके बाद घर-जमीन तुम्हें दे दूंगा, लेकिन मैंने मना कर दिया। 25 जून बुधवार की रात पिता ने फिर कॉल किया और घर बुलाया। मैं रात करीब 1 बजे बाइक से पिता के पास कचनारी गांव पहुंचा। वहां सौतेली मां भी मौजूद थी। बातचीत के दौरान सौतेली मां ने गालियां दीं। मारपीट करने लगी। इसके बाद पिता ने गोली चला दी। आकाश की शादी नहीं हुई है। माता-पिता के तलाक के बाद वह अपनी मां के साथ रह रहा है और प्राइवेट जॉब करता है। पिता हेमचंद की गांव में जमीन है। एक मकान भी है, जिसमें आकाश अपना हिस्सा मांग रहा है। हेमचंद और वंदना का 13 साल का एक बेटा है।

# विधायक के खिलाफ दिग्विजय ने ऐसा क्या कहा कि कोर्ट की ओर से जारी हुआ नोटिस

जबलपुर। राष्ट्रबाण

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को नोटिस जारी किया है। मामला जबलपुर के पनागर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुशील तिवारी इंदू की छवि धूमिल करने के आरोप से संबंधित है। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को नियत की गई है।

### यह है आरोप

परिवादी विधायक सुशील तिवारी इंदू का पक्ष अधिवक्ता अभिजीत अवस्थी, जय कुमार द्विवेदी और रोहित रघुवंशी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 15 मई, 2024 को एक पत्रकारवार्ता आयोजित की थी। इस दौरान विधायक तिवारी पर यह आरोप लगाया था कि सार्वजनिक वितरण के लिए जो अनाज आता है, उसमें से 50-60 प्रतिशत कालाबाजारी कर मार्केट में विक्रय किया जाता है। आरोप में कहा गया है कि प्रेस वार्ता को इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया, जिससे पार्टी के सदस्यों व मतदाता के बीच परिवादी की छवि खराब हुई और उनके पक्ष में मतदान में कमी आई।

# एक चौपाल 'प्राकृतिक खेती के नाम' मुख्यमंत्री और गुजरात के राज्यपाल हुए शामिल, कृषि और लोक निर्माण मंत्री भी मौजूद

जबलपुर। राष्ट्रबाण

मध्यप्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ समझाने के लिए 'एक चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम' कार्यक्रम शुरू कर रही है। इसकी शुरुआत बुधवार को जबलपुर से होगी। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कृषि मंत्री इंदर सिंह कंसाना जबलपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मानस भवन, राइट टाउन में आयोजित होगा, जहां आचार्य देवव्रत मुख्य वक्ता होंगे। वे प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और इसके लाभों पर किसानों को मार्गदर्शन देंगे।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 1.25 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और सिविल लाइन स्थित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास पर कुछ समय रुकने के बाद दोपहर 2 बजे चौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे 3.25 बजे स्मार्ट सिटी ऑफिस में ग्वालियर-बेंगलुरु ट्रेन का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे और शाम 4.30 बजे भोपाल रवाना होंगे। चौपाल कार्यक्रम का उद्देश्य रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान और प्राकृतिक खेती के फायदों की जानकारी किसानों तक पहुंचाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि रासायनिक खेती न केवल भूमि की उर्वरता को घटा रही है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

# टीआई को सजा, एक हजार पौधे लगाने होंगे

## एमपी हाईकोर्ट ने कहा- फोटो के साथ देनी होगी जीपीएस लोकेशन की रिपोर्ट



रावेंद्र द्विवेदी, टीआई

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सतना के कोतवाली थाना के टीआई रावेंद्र द्विवेदी को अनोखी सजा सुनाई है। उन्हें चित्रकूट में एक साल में एक हजार फलदार पौधे लगाने होंगे और इनकी देखभाल भी करनी होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी 1 जुलाई 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच पौधरोपण करेंगे। उन्हें पौधों के फोटो और उनकी जीपीएस लोकेशन की जानकारी भी कोर्ट में पेश करनी होगी। इस मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि इससे पहले सतना एसपी को टीआई के लगाए गए पौधों का निरीक्षण करना होगा और अगली सुनवाई (16 सितंबर) पर इसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी।

### टीआई को इसलिए मिली पौधे लगाने की सजा

सतना के कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी ने रेप के एक मामले में कोर्ट के नोटिस की तामीली नहीं कराई थी। दरअसल, एक नाबालिग से दुराचार के मामले में सतना की जिला कोर्ट ने 10 अक्टूबर 2021 को राम अवतार चौधरी नाम के शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस पर दोषी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। जबलपुर हाईकोर्ट ने 30 सितंबर 2024 को पीड़िता को नोटिस जारी किया था। सतना कोतवाली पुलिस को नोटिस की तामीली करानी थी, जो नहीं हुई। जिसके बाद गुरुवार को इस मामले में जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए टीआई को अनोखी सजा सुनाई है।

### टीआई बोले- मैं अपनी सजा पूरी करूंगा

हाईकोर्ट से मिली अनोखी सजा पर टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने कहा कि वे कोर्ट से मिली सजा को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना तो पुण्य का काम है।

## कई घरों में फर्नीचर और जरूरी सामान भीगा; स्थानीय लोगों ने की शिकायत

# जबलपुर में हुई बारिश, शहर में हुआ जलभराव

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर में गुरुवार सुबह करीब 20 मिनट हुई तेज बारिश ने शहर की जलभराव से निपटने की तैयारियों की हकीकत सामने ला दी। बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। कुछ घरों में पानी घुस गया, जिससे लोग परेशान हो गए और बर्तनों की मदद से पानी निकालते नजर आए।

बारिश से सबसे ज्यादा असर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के राधाकृष्ण वार्ड में देखा गया। यहां नालों का पानी घरों में घुस गया। कई घरों में फर्नीचर और जरूरी सामान भीग गया और खराब हो गया। स्थानीय लोगों ने पार्षद से शिकायत की, जिसके बाद कुछ कर्मचारी पहुंचे।



### हर साल की वही परेशानी

लोगों का कहना है कि बारिश का पानी हर साल उनके लिए मुसीबत बन जाता है। निगम हर बार नाले की सफाई कराता है, लेकिन बारिश आते ही ओवरफ्लो होकर गंदा पानी घरों में घुस जाता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। करीब दो दर्जन घरों में नाले का पानी भर गया।

### नाली नहीं बनी, सड़क का पानी घरों में घुसा

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कुछ महीने पहले ही करोड़ों रुपए की लागत से सड़क बनी थी, लेकिन सड़क के किनारे नाली नहीं बनाई गई। इसके कारण बारिश का पानी सीधे घरों की ओर बहने लगा। जब सड़क बन रही थी, तब भी लोगों ने निगम को बताया था कि नाली की ऊंचाई कम है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### अब भी वक्त रहते समाधान की जरूरत

लोगों ने कहा कि नगर निगम ने जलभराव रोकने के लिए करोड़ों खर्च किए हैं, लेकिन नालों की समय पर सफाई और सटीक योजना न होने से हर बार परेशानी होती है। निगम की ओर से राधाकृष्ण वार्ड को आदर्श बताया जाता है, पर हालात इससे उलट हैं। कई लोग तो घर छोड़कर जाने तक की बात कर रहे हैं। स्थानीय लोगों की अपील है कि नगर निगम जल्द से जल्द नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था ठीक करे, ताकि आगे चलकर और ज्यादा परेशानी न हो। अभी तो बारिश की शुरुआत ही है, आगे लंबे समय तक बरसात जारी रहेगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 27 जून 2025

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# जमीन खरीदी, पैसा दे दिया..फिर भी 4 साल से प्लाट धारकों को नहीं मिली रजिस्ट्री

## गैलेक्सी सिटी कॉलोनाइजर पर खरीदारों ने लगाया आरोप, 14 खरीदारों ने की शिकायत, कलेक्टर से रजिस्ट्री जल्द कराने की मांग

बैतूल। राष्ट्रबाण

जमीनी मामले में जिले में लगातार धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। कभी नकली दस्तावेजों के सहारे रजिस्ट्री हो जाती है तो कभी सौदा तय होने और पैसा देने के बाद भी खरीदारों को उनका हक नहीं मिल रहा। अब बैतूल की गैलेक्सी सिटी कॉलोनी में 14 खरीदारों के साथ ऐसा ही मामला उजागर हुआ है। इन सभी ने प्लॉट की बयाना चिट्ठी करवाई, भुगतान भी कर दिया लेकिन कॉलोनाइजर अब रजिस्ट्री से बचते नजर आ रहे हैं।






जाकिर हुसैन वार्ड गर्ग कॉलोनी, ग्राम घाना और चिखलीमाल के रहने वाले खरीदारों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। शिकायतकर्ताओं में मन्नाशाह पिता मोहब्बत शाह, पवन यादव पिता मोहन यादव, और ज्योति पाटिल पति भूपेंद्र बिहारिया सहित शबाना बी परवीन, मोनू वर्मा, मनोज वर्मा, परवेज बेग, भूपेंद्र बहरिया, वासुदेव गावंडे, दिलीप पाटिल, गोपाल सिंह उइके, अनिल पाटिल, रफीक शाहरुख शाह, रंजीता पाटिल, माया मंडेकर शामिल हैं, जिन्होंने गैलेक्सी सिटी कॉलोनी में प्लॉट खरीदे थे।

इन लोगों ने बताया कि मौजा बांसपानी, खसरा नंबर 66/1 और 66/2 की जमीन में से कुल 1000 वर्गफुट के प्लॉट की बयाना चिट्ठी 5 जुलाई 2024 को की गई थी। विक्रेताओं में विजय महस्की पिता मानीकराव महस्की, निवासी ग्राम सेलगांव और शेख कासिम पिता नन्हे, निवासी आजाद वार्ड बैतूल शामिल हैं। भूमि मालिक गणेश वार्ड सिविल लाइन निवासी सुंदरलाल सूर्यवंशी हैं।

### बहाने बना रहा कॉलोनाइजर

खरीदारों का आरोप है कि कॉलोनाइजर और विक्रेताओं द्वारा बार-बार बहाने बनाकर रजिस्ट्री नहीं की जा रही। किसी दिन सहखातेदारों का हवाला देकर टाल दिया जाता है तो कभी दस्तावेज अधूरे बताकर। कुछ लोगों ने तो चार साल पहले ही पूरा भुगतान कर दिया था, लेकिन आज तक जमीन उनके नाम नहीं हुई। खरीदारों ने कलेक्टर से रजिस्ट्री जल्द कराने की मांग की है। कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त कलेक्टर मकसूद खान ने सभी खरीदारों की व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की और दस्तावेज लेकर पंचनामा तैयार किया, जो अब कलेक्टर को सौंपा जाएगा। शिकायतकर्ताओं ने साफ कहा कि उन्हें अनावेदकों के आपसी विवाद से कोई मतलब नहीं, उन्हें सिर्फ अपनी जमीन की वैधानिक रजिस्ट्री चाहिए।

# नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश

## जेएच कॉलेज में नशा निवारण दिवस पर ली गई नशा मुक्ति की शपथ

## प्रधान न्यायाधीश शिवबालक साहू ने युवाओं को किया जागरूक

बैतूल। राष्ट्रबाण

**मध्यप्रदेश** शासन के निर्देशानुसार 01 जून से 26 जून 2025 तक चलाए गए नशा मुक्त अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागृह, शासकीय जे एच स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बैतूल द्वारा किया गया, जिसमें जिले की प्रमुख शासकीय व अशासकीय संस्थाओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और जयगुरुदेव संस्था के युवाओं ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक में नशे के दुष्परिणामों को जीवंत अभिनय के जरिए दिखाया गया, जिसे देखकर दर्शक भावुक हो उठे। प्रदर्शन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की प्रेरणा दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुटुंब न्यायालय बैतूल के प्रधान न्यायाधीश शिवबालक साहू रहे, वहीं वरिष्ठ न्यायाधीश श्रीमति शर्मिला शियाकर, विधिक सेवा प्राधिकरण के श्री सोमनाथ राय, सामाजिक न्याय विभाग की उपसंचालक सुश्री रोशनी वर्मा, जेएच कॉलेज से डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं प्राध्यापक शंकर सातनकर उपस्थित रहे।

शुभारंभ में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधान न्यायाधीश श्री साहू ने नशे के कारण हो रहे सामाजिक और पारिवारिक विघटन पर चिंता जताई और युवाओं को डिजिटल नशे से भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्यधिक उपयोग भी आज मानसिक नशे का रूप ले चुका है, जिससे दूरी बनाना आवश्यक है।



### नशा मुक्त रहने की सामूहिक शपथ ली

इस अवसर पर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने युवाओं से नशा मुक्त समाज की दिशा में निरंतर अभियान चलाने का आह्वान किया। शंकर सातनकर ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने नशा मुक्त रहने की सामूहिक शपथ ली। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम की सविता बहन, गायत्री परिवार से रविशंकर पारखे, नवोदित ग्राम उत्थान समिति चोपना, संस्कार ग्राम उत्थान समिति असाड़ी चिचोली, जयगुरुदेव संस्था बैतूल, नेहरू युवा केन्द्र बैतूल, जन अभियान परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### हस्ताक्षर अभियान चलाया

कलाकार नवल किशोर महोबे व उनकी टीम द्वारा सामाजिक संदेशों से भरपूर गीतों की प्रस्तुति दी गई, वहीं इस अभियान के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपसंचालक सुश्री रोशनी वर्मा ने सभी सहयोगी संस्थाओं, महाविद्यालय परिवार, उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया।

# बैतूल तहसील के स्थानांतरित 23 पटवारी भारमुक्त, सौंपा अतिरिक्त हल्कों का प्रभार

बैतूल। राष्ट्रबाण




**तहसीलदार** कार्यालय बैतूल ग्रामीण द्वारा 25 जून को 23 पटवारियों के प्रभार में बड़ा फेरबदल किया गया है। यह आदेश तहसीलदार बैतूल के निर्देशानुसार जारी किया गया है, जिसमें तहसील बैतूल ग्रामीण के अंतर्गत कार्यरत पटवारियों को नए क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इस आदेश के तहत पटवारी अंकित बनाफर को देवगांव से आमला के लिए भारमुक्त कर उनके हल्के का प्रभार मोहन धुर्वे को दिया गया। अनिल वर्मा को 24 महदगांव से भैंसदेही के लिए भारमुक्त कर उनके हल्के का प्रभार योगेश झरबडे को दिया गया।

कमलेश ठाकरे को 26 सराड 27 सेलगांव से भारमुक्त कर उनके हल्के का प्रभार इंदु कुमार बोरबन को दिया गया। केशवकांत कोसे को 67- भरकावाडी से घोडाडोंगरी उनके हल्के का प्रभार श्रीमती लीना धनेश्वरी को दिया गया।दिलीप देशमुख को 45- मलकापुर, 50- बाजपुर से भैंसदेही के लिए भार मुक्त कर उनके हल्के का प्रभार मितेश घानेकर, प्रहलाद वामनकर को 78-रेडवा, 72- सोहागपुर से घोडाडोंगरी उनके हल्के का प्रभार संतोषी प्रजापती, योगेश पारखे 68 - बैतूलबाजार से भैंसदेही उनके हल्के का प्रभार सदाशिव प्रधान, राकेश देशमुख 21- बोदीजुनावानी से भैंसदेही उनके हल्के का प्रभार कमलकिशोर धोटे, राजिक अली 33-बडोरा से चिचोली उनके हल्के का प्रभार राजेन्द्र बेठे, लवप्रीत सोनी 69 आरूल से चिचोली उनके हल्के का प्रभार अवधेश वर्मा, विजय राठौर 30- टेमनी से चिचोली उनके हल्के का प्रभार बबली साहू, विवेक मालवीय 28-डोंडवाडा से चिचोली उनके हल्के का प्रभार प्रकाश म्हस्की, संदीप चौरगडे 51-रोंडा से आमला उनके हल्के का प्रभार साधना श्रीवास्तव, संदीप पवार 38- कुम्हारटेक, 39-बघवाड से आमला उनके हल्के का प्रभार बबलू कुमरे, सचिन उपाध्याय 11- साकादेही से आमला उनके हल्के का प्रभार प्रेमचंद उइके, प्रीति चौहान 15- लापाझिरी से मुलताई उनके हल्के का प्रभार सुशीला सिरसाम, प्रीति लिखितकर 47-भैंसदेही से मुलताई उनके हल्के का प्रभार अजय खातरकर, हुलसी सोलंकी 66- सुरगांव से आठनेर उनके हल्के का प्रभार निधि कोसे, प्रियंका नर्रे को घोडाडोंगरी, प्रीति चढोकार को 64- बघोली से मुलताई उनके हल्के का प्रभार प्रियंका पाटिल,मधुबाला प्रजापति को 79- सेलगांव से मुलताई उनके हलके का प्रभार अर्जुन चौहान, रेखा परते 55- सेहरा, 58- दिवानचारसी से भैंसदेही उनके हलके का प्रभार आलोक खासदेव, अंजली निगम को 46- खण्डारा से चिचोली उनके हलके का प्रभार रूपेश झाड़े को दिया गया है। तहसीलदार बैतूल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा एवं सभी संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ऊचागोहान की मालती वर्टी बनी महिला पर्यवेक्षक

## घर से की पढ़ाई एसटी वर्ग में प्रदेश में 13वीं रैंक

बैतूल। राष्ट्रबाण



**मध्यप्रदेश** कर्मचारी चयन बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा में ग्राम पाटाखेड़ा तहसील चिचोली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती ब्रजेश वर्टी का चयन महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश के अंतर्गत महिला पर्यवेक्षक पद पर हुआ है। मालती वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं और ऊचागोहान की निवासी हैं।

उन्होंने एसटी वर्ग में पूरे मध्यप्रदेश में 13वीं रैंक प्राप्त की है। मालती ने यह सफलता बिना कोचिंग के, घर पर रहकर पढ़ाई कर हासिल की। वे प्रतिदिन घंटों तक अध्ययन करती थीं और साथ ही नियमित ड्यूटी भी निभा रही थीं। मालती ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति ब्रजेश वर्टी और सास-ससुर के सहयोग को दिया है। उनके पति ब्रजेश वर्टी वर्तमान में सीआरपीएफ में पदस्थ हैं और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में देश सेवा में लगे हुए हैं।

# कीचड़ भरे मार्ग से स्कूल जाने के लिए मजबूर नौनिहाल

## जनपद सदस्य धन्नूलाल ने जिला पंचायत सीईओ से की शिकायत

बैतूल। राष्ट्रबाण

**जनपद** पंचायत क्षेत्र बैतूल के ग्राम मंडई खुर्द में बारिश के चलते स्कूल जाने वाला रास्ता कीचड़ और जलभराव से बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इस रास्ते से होकर स्कूली बच्चों और शिक्षकों को रोजाना गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है और बरसात ने रास्ते की हालत और भी दयनीय बना दी है। कीचड़ भरे इस मार्ग से नौनिहालों को स्कूल जाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। कई बार गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं।



इस गंभीर स्थिति को लेकर जनपद पंचायत सदस्य धन्नूलाल उइके ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम मंडई खुर्द के स्कूल मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और उन्हें सुरक्षित रास्ता मिल सके। जनपद सदस्य ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी ग्राम पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो बारिश के दिनों में बच्चों का स्कूल जाना और भी जोखिम भरा हो जाएगा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए और इस समस्या का स्थायी समाधान करे।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने कार्यक्रमों का किया आयोजन

# नशा मुक्त राष्ट्र बनाने में सभी करें अपना योगदानः मधु चौहान

आठनेर। राष्ट्रबाण

**सामाजिक** न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग बैतूल एवं नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के सहयोग से 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड के विभिन्न स्थानों पर किया गया।शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आठनेर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य शेख शमीम ने जानकारी देते हुए



बताया कि हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है।

नशे की लत न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है,बल्कि परिवार,समाज और देश की उन्नति में भी बाधा बनती है।युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने से अपराध, बेरोजगारी और पारिवारिक विघटन जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे जन्म लेते हैं।वैष्णवी पब्लिक स्कूल आठनेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कैलाश आजाद ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं व समाज को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना और एक स्वस्थ,नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

नशा नाश की जड़ है।अतः स्वयं नशे से दूर रहते हुए नशा मुक्त समाज बनाने हेतु जन जागरण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावंगी के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल सावंगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आठनेर की विकासखंड मधु चौहान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा कोई समाधान नहीं बल्कि एक विनाश है।नशे से ग्रस्त व्यक्ति धीरे-धीरे आत्म-नियंत्रण खो देता है और उसका जीवन बर्बादी की ओर अग्रसर हो जाता है।हम सभी का दायित्व है कि हम मिलकर इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध आवाज़ उठाएं और अपने घर,समाज व राष्ट्र को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान दे।कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति संकल्प पत्र सभी से भरवाया गया।चित्रकला,भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बैतूल में हनी बी थेरेपी शिविर 30 को

## कैंसर से लेकर माइग्रेन तक का होगा प्राकृतिक इलाज

## विश्वविख्यात डॉक्टर कुलकर्णी शिविर में देंगे सेवाएं

बैतूल। राष्ट्रबाण

**विश्व** प्रसिद्ध हनी थेरेपी विशेषज्ञ डॉ. श्रीराम दिगंबर कुलकर्णी पहली बार बैतूल आ रहे हैं। 30 जून को छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन, मानस नगर, इटारसी रोड, सदर बैतूल में हनी बी थेरेपी शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस शिविर में कैंसर, बीपी, मधुमेह, थायरॉइड, गठिया, थैलेसीमिया, ऑस्टियोपोरोसिस, माइग्रेन, एड्स, अस्थमा, त्वचा रोग, पथरी, मानसिक विकार, सुन्नपन जैसे सैकड़ों रोगों का प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा इलाज किया जाएगा।

इस शिविर का आयोजन श्री स्वामी समर्थ संपूर्ण निसर्गोपचार संस्था द्वारा किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र के ख्यातनाम चिकित्सक डॉ. श्रीराम दिगंबर कुलकर्णी और इंदौर की डॉ. सुखदा अभिराम भिसे प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। डॉ. कुलकर्णी 19 वर्षों से हनी थेरेपी से लाखों रोगियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा चुके हैं। यह थेरेपी भारत की दो हजार वर्ष पुरानी पारंपरिक पद्धति है जिसमें मधुमक्खी के डंक से प्राकृतिक रूप से उपचार किया जाता है। डॉ. कुलकर्णी का कहना है कि वे हर रोगी का उपचार पूर्ण विवेक और समझदारी से करते हैं, और किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव की जिम्मेदारी स्वयं लेते हैं। उनका दावा है कि अब तक 30 लाख से अधिक रोगी इस चिकित्सा से लाभ प्राप्त कर चुके हैं और पूर्ण स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। हनी थेरेपी विशेष रूप से मधुमेह, थायरॉइड, बीपी, वजन कम या बढ़ाने, शुगर फ्री जीवन, और संतान प्राप्ति जैसे रोगों में अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई है। दवा और इंसुलिन से स्थायी रूप से मुक्ति पाने की दिशा में यह एक अनूठा विकल्प बन चुका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , संपादक* संजय बघेल पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 27 जून 2025

# बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# 11 साल में मोदी सरकार ने हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां: सांसद भारती पारधी

## सांसद भारती पारधी ने कहा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से सरकार कर रही काम



बालाघाट। राष्ट्रबाण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूरे हो गए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर जिले की सांसद भारती पारधी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ, सरकार ने देश के हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। सांसद भारती पारधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्षीय कार्यकाल में सरकार की उपलब्धियों का बिंदुवार जिक्र करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने देश को आर्थिक मोर्चे पर सशक्त किया है। आज देश विश्व की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने बन गया है और भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 51 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिसमें गरीबों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया, हर आज गरीब का बैंक खाता है। सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत से देश में विनिर्माण को बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार सृजन होने से लोगों को रोजगार मिला और देश की आयात पर निर्भरता कम हुई है। उन्होंने बताया कि अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में सरकार ने सफलतापूर्वक' जीएसटी को क्रियान्वित किया। जिससे भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक बड़ा सुधार देखने को मिला और एक राष्ट्र, एक कर का सपना साकार हो सका। सरकार ने देश में निवेश का बेहतर माहौल बनाने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधा किया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में 2014 से 2019 के बीच 79 स्थानों का सुधार किया है, जिससे देश में निवेश का माहौल बेहतर बना है। सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण, दरो के निर्धारण, गरीबों के बैंकिंग खातो और बेहतर निवेश का माहौल बनाने के साथ ही सामाजिक उत्थान और जनकल्याण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य किए। सरकार ने गरीबी उन्मूलन में महती भूमिका निभाई है। नीति आयोग की रिपोर्ट बताती है कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबों को मुफ्त में चिकित्सा सुविधा देने के लिए सरकार ने आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की, जो आज दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है। जो, वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। चूल्हे जलाने, वनो की लकड़ी पर निर्भरता को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम 10 करोड़ से अधिक घरों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए हैं, जिससे महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्त, रसोई मिली है। देश का सबसे बड़ा अभियान खुले में शौच को कलंक को मिटाने का काम मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत किया। इस मिशन ने भारत को खुले में शौच मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

पहले गरीब छत का सपना देखकर ही मर जाता था लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के अपनी छत के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा करने का काम किया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों परिवारों को किफायती दामो में आवास प्रदान किए गए हैं। मूलभूत सुविधा में पेयजल की आपूर्ति को निर्बाध रूप से चलाने के लिए सरकार, जल जीवन मिशन से हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इस मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

पहले बेटी अभिशाप समझी जाती थी और बेटी को कोख में ही मार दिया जाता था लेकिन मोदी सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने इस सोच को बदला है आज यह अभियान, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो रहा है।

पहले सरकार से लाभार्थियों को मिलने वाली आर्थिक राशि, लाभार्थी के पास पहुंचते तक आधी रह जाती थी लेकिन मोदी सरकार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रक्रिया ने आधार से जुड़े बैंक खातों के माध्यम से 43 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का काम किया है, जो अपने आप में एक बड़ा उदाहरण है, जिससे भ्रष्टाचार में भी लगाम लगी है।

सांसद भारती पारधी ने बताया कि सरकार ने हर वर्ग के कल्याण की चिंता के साथ ही देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्टीय निर्माण और अवसंरचना में सड़क और राजमार्ग के विकास में सरकार ने राष्टीय राजमार्गों की लंबाई में उल्लेखनीय वृद्धि की। जिससे परिवहन व्यवस्था बेहतर हुई है। देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर की रिकॉर्ड गति से राजमार्गों का निर्माण हो रहा है। रेलवे के आधुनिकीकरण किया गया। सरकार ने रेलवे के बजट में 9 गुना वृद्धि की। जिससे वंदे भारत ट्रेनों का सफल संचालन हो रहा है, जो आधुनिक रेलवे नेटवर्क का प्रतीक है। 11 सालो में हवाई अड्डों का तेजी से विकास किया गया। बीते 2014 के मुकाबले परिचालन में आने वाले हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 157 हो गई है, इसके साथ ही उड़ान योजना ने हवाई यात्रा को सस्ता बनाया है।

देश में डिजीटल क्रांति को डिजिटल इंडिया के माध्यम से बढ़ाने का मोदी सरकार में देखने को मिला। अब यूपीआई से डिजिटल भुगतान ने देश की अर्थव्यवस्था में क्रांति ला दी है, जिससे डिजिटल लेनदेन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरकार ने अपने कार्यो को यहीं तक नहीं छोड़ा, बल्कि ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में, सौर उर्जा को बढ़ावा देने का काम कर रहाह है, देश में बीते 11 सालो में सौर ऊर्जा क्षमता में 3400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा केंद्र बनने की दिशा में काम कर रहा है।

यही नहीं बल्कि 11 सालो में वैश्विक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के क्षेत्र में मोदी सरकार ने अंतर्राष्टीय योग दिवस के रूप में संयुक्त राष्ट में योग को वैश्विक मान्यता दिलाई। अंतर्राष्टीय सौर गठबंधन से भारत ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व की भूमिका में रहा।

पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के एक विधान एक निशान को यदि किसी ने साकार किया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर दिखाया। कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर उसे जम्मू-कश्मीर को भारत के मुख्य धारा में लाया गया। जिसका परिणाम यह रहा कि आज जम्मु कश्मीर में विकास तेजी से हो रहा है। मुस्लिम महिलाओं के जीवन पर ग्रहण बन चुके, तीन तलाक पर सरकार ने प्रतिबंध लगाकर मुस्लिम महिलाओं को 'तीन तलाक' की प्रथा से मुक्ति दिलाई गई।

देश में बहुप्रतिक्षित, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, सरकार की प्राथमिकता में रहा और 11 सालों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्राथमिकता में इसे लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया। यही नहीं बल्कि काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का जीर्णोद्धार सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रतीक हैं।

सांसद भारती पारधी ने बताया कि यह ऐसी योजना, कायक्रम और अभियान है, जो बताते है कि दृढ़संकल्प के साथ हर कार्यो को किया जाए तो वह जरूर पूरा होता है। इन 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने, ना केवल अपनी आंतरिक चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी सशक्त पहचान बनाई है। यह उपलब्धियां 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में एक मजबूत नींव हैं।

# कलेक्टर ने की खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यो की समीक्षा

## घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग रोकने सख्त कार्यवाही के निर्देश



बालाघाट। राष्ट्रबाण

कलेक्टर मृणाल मीणा ने 26 जून को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी रविकांत ठाकुर, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार एवं सभी विकासखंडों के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-केवायसी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि बालाघाट जिले में 13 लाख 64 हजार 14 हितग्राहियों की ई-केवायसी करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के लिये अब तक 12 लाख 79 हजार 881 हितग्राहियों की ई-केवायसी की जा चुकी है। इस प्रकार जिले में 94 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी की जा चुकी है और 87 हजार 133 हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जाना शेष है। कलेक्टर मीणा ने निर्देश दिये कि शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर दी जाये। विकासखंड किरनापुर में 11 हजार 887, लांजी में 11 हजार 134 एवं बालाघाट विकासखंड में 10 हजार 93 हितग्राहियों की ई-केवायसी शेष रहने पर नाराजगी जाहिर की गई और निर्देशित किया गया कि समय सीमा में ई-केवायसी का कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को माह जून, जुलाई एवं अगस्त का खाद्यान्न एक साथ प्रदाय किया जा रहा है। जिले के 03 लाख 50 हजार 592 कॉर्ड धारक परिवारों को खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। अब तक 02 लाख 04 हजार 223 परिवारों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर मीणा ने हितग्राहियों को 03 माह का खाद्यान्न शीघ्रता से वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हितग्राहियों की मोबाईल सीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले के खाद्यान्न प्राप्त करने वाले 03 लाख 47 हजार 780 परिवारों की मोबाईल सीडिंग की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जॉच के दौरान जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग पाये जाने पर 42 प्रकरण दर्ज किये गए है।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिलायी गई शपथ



बालाघाट। राष्ट्रबाण

शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के निर्देशन में नशा मुक्त भारत पखवाडे के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. खण्डायत ने कहा कि हमें एक नशा मुक्त समाज का निर्माण, सामाजिक चेतना एवं सामाजिक जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलायी। डॉ. संगीता मेश्राम सहायक प्राध्यापक के द्वारा विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक रहने की बात कही गई। साथ ही एन.एन.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे द्वारा नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक सुमन बरवा, डॉ. देवराज चौरे, श्रीमती संध्या परते, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. क्रांति जैन, डॉ. कामाक्षा बिसेन, श्रीमती आशा कारे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।

# चिचगांव में रैली निकालकर दिलाई गई जल संवर्धन व संरक्षण की शपथ




बालाघाट। राष्ट्रबाण

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिचगांव एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत 26 जून को जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता रैली एवं चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा जल के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गई। चौपाल संगोष्ठी में ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए भगत ने कहा कि आने वाले समय में जल के संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। जिस प्रकार शासन द्वारा यह जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये अभियान चलाया जा रहा है, उसी तरह हमे भी अपने गांव, घर, परिवार, मोहल्ला एवं समाज के सभी वर्गो को जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता कर जल है तो कल है और इसके लिए जल संरक्षण और संवर्धन की अनिवार्यता का संदेश देना चाहिये। भगत ने कहा कि हमें सार्वजनिक हैण्डपंप, कुआं, तालाब की साफ-सफाई कर जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए।

कार्यक्रम में अरविंद दरवडे (परामर्शदाता), मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता लता पटले, उर्वशी पटले, रविता मूर्खे, एकता रानी पटले एवं ग्रामीणजनों में परवीन बानो, शोभा सहारे, लक्ष्मी सोनी, सुरेखा मूर्खे, अंजू सैनी, स्वाति कुर्वे, कविता राउत, गुलनाज खान, सिनेमा खान, सरिता भारती, संगीता गोस्वामी, लाडो गोस्वामी सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन उर्वशी पटेल द्वारा किया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बीईओ, बीडीओ व बीआरसी की बैठक

बालाघाट। राष्ट्रबाण



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट में 25 जून को जिले के समस्त बीईओ, बीडीओ एवं बीआरसी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने शिक्षा से संबंधित कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बीईओ, बीडीओ एवं बीआरसी को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवनों का निरीक्षण करे और जर्जर शाला भवन में कक्षाएं संचालित नहीं होने दे। इस दौरान शाला में बच्चों के नामांकन, छात्रवृत्ति स्वीकृति, असफल भुगतान वाले बैंक खातो का सत्यापन, निःशुल्क सायकिल तथा पाठ्यपुस्तक वितरण योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन, विद्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण, शिक्षकों के पेंशन प्रकरण का निराकरण, शिक्षकों के 5 वर्षो की गोपनीय चरित्रावली लिखी जाकर मतांकन के लिए प्रस्तुत करने, ÷हमारे शिक्षक÷ ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म पर शिक्षकों की प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने, बच्चों की अपार आईडी का निर्माण तथा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विकासखण्डवार समीक्षा की गई । बैठक के दौरान समस्त बीईओ, बीडीओ व बीआरसी को निर्देशित किया गया कि वे बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अपने-अपने विकासखण्ड के प्रधानपाठक एवं प्राचार्यो की संयुक्त बैठक आयोजित कर निर्देशों का पालन कराए एवं पालन प्रतिवेदन 07 दिवस के भीतर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करे।

# 60 दिनों के भीतर दावें आपत्ति आमंत्रित

**बालाघाट।** कटंगी रेलवे सेक्शन के अंतर्गत भटेरा रोड पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जाना है। इसके लिए रानी अवंति बाई चौक से सेंट मेरी स्कूल तक आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके लिए भू-अर्जन की अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। ओव्हर ब्रिज निर्माण के लिए रानी अवंति बाई चौक से सेंट मेरी स्कूल तक 212 भूमि स्वामियों की भूमि अधिग्रहित की जाना है। अधिग्रहित की जाने वाली इस भूमि के रैयतों के संबंध में दावे आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालाघाट में 60 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते है।

## एनक्यूएएस सर्टिफाईड के बाद समुदाय को सुलभ, उच्च गुणवत्ता, व्यापक एवं प्राथमिक सेवाएं प्रदान की जाएगी

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया गया वर्चुअल एनक्यूएएस निरीक्षण

बालाघाट। राष्ट्रबाण



कलेक्टर मृणाल मीणा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर कार्तिकेय जायसवाल के दिशा निर्देशन में 25 जून को विकासखण्ड किरनापुर अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह उप स्वास्थ्य केंद्र मुंडेसरा का भारत सरकार के केन्द्रीय दल द्वारा नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंशन स्टेण्डर्ड (एन.क्यू.ए.एस) वर्चुअल निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप ने बताया कि केन्द्रीय दल में भारत सरकार के नेशनल असेसर डॉ. भुवन स्वरूप पंकज एवं डॉ सचेन्द्र राज शामिल थे। वर्चुअल निरीक्षण में राष्टीय कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं गर्भावस्था एवं प्रसव देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल, बाल्य एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, संक्रामक रोग प्रबंधन, असंचारी रोगों की रोकथाम नियंत्रण एवं प्रबंधन, सामान्य बीमारी का उपचार एवं प्रबंधन इत्यादि का परीक्षण किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलप ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संस्था को एनक्यूएएस सर्टिफाईड किए जाने से समुदाय को सुलभ उच्च गुणवत्ता व्यापक प्राथमिक देखभाल सेवाएं प्रदान की जा सकेगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत समुदाय के सभी वर्गो के लिए निःशुल्क व्यापक गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। एनक्यूएएस क्वालीफाईड होने के पश्चात संस्था को 01 लाख 26 हजार रूपए की राशि प्रतिवर्ष प्राप्त होगी। जिससे संस्था को एनक्यूएएस करने एवं सहयोग करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन के रूप में 25 प्रतिशत राशि प्रदाय की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने बताया कि संस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूनम मानेश्वर, एएनएम श्रीमती नम्रता मेश्राम, आशा कार्यकर्ता ज्योति तिवारी, अन्नु धुवारे, कमलेश्वरी वराडे, पदस्थ है। संस्था के अंतर्गत ग्राम मुडेसरा, बम्हनगांव एवं टीमकीटोला का समावेश है। संस्था का राष्टीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सीएमएचओ डॉ.परेश उपलप, डीपीएम विक्रम सिंह ठाकुर, प्रभारी सीपीएचसी सलाहकार राजाराम चक्रवर्ती, बीएमओ डॉ वर्ष चौबे, जिला क्वालिटी नोडल डॉ.पंकज महाजन का आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडेसरा के एनक्यूएएस की तैयारी के लिए मार्गदर्शन, जिला क्वालिटी मेंटर विनोद कामडे और सीएचओ मेंटर ज्योति रहांगडाले, वर्षा वल्के सहित अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 27 जून 2025

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# प्लास्टिक के डिस्पोजल कप-ग्लास और थैलियों के कारण
# शहर में समस्या बढ़ी, जिम्मेदार ने आंखों पर बांधी पट्टी

- नगर पालिका की बैठक में डिस्पोजल में परोसी जाती है चाय
- फिर नगर पालिका कैसे करेगी इस मुद्दे पर कार्यवाही

सिवनी। राष्ट्रबाण

**नगर** पालिका क्षेत्र में इन दिनों सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या दिन प्रतिदिन आम हो गई है। यह समस्या रिमझिम बारिश में कम नजर आ रही है लेकिन रिमझिम बारिश की झाड़ में नगर पालिका के जिम्मेदारों की जिम्मेदारी जनता के सामने दिख जाएगी।

शादी समारोह या कोई भी आयोजन हो अथवा होटल-रेस्त्रां हो, समय बचाने के लिए हम ही प्लास्टिक के डिस्पोजल कप और ग्लास का उपयोग करते हैं और फिर इन्हें फेंक देते हैं। साथ ही कागज या कपड़े के थैलों की जगह पॉलीथिन का उपयोग करते हैं। कचरे और पानी के साथ यह प्लास्टिक के उत्पाद नालियों से होते हुए मुख्य नाले और फिर सीवरेज लाइन में जमा हो जाते हैं। इन्हीं के कारण शहर भर में जगह-जगह सीवरेज लाइनें ओवरफ्लो हो जाती हैं। सड़कों पर बहला सीवरेज का दूषित पानी को आने वाले सैलानियों के सामने शिव की नगरी सिवनी की छवि धूमिल कर रहा है। वहीं स्थानीय लोगों में बीमारियां फैलने का मुख्य कारण भी बन रहा है। दूसरी ओर नगर पालिका भी डिस्पोजल कप-गिलासों के कारण सीवरेज लाइनें बार-बार जाम होने की समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहा है। इस कारण यह समस्या सीवरेज के लिए नासूर बन चुकी है।

होटल, रेस्त्रां और शादी समारोहों में जमकर होता डिस्पोजल का उपयोग में विचार बचाव के लिए हमें ही प्लास्टिक को त्यागने का निर्णय लेना होगा

**जनजागरूकता से ही सुधरेंगे हालात:** नगर में पॉलीथिन कैरीबैग पर प्रतिबंध नहीं लगने के पीछे सबसे बड़ी गलती हमारी खुद की है। जब तक हम नहीं सुधरेंगे तब तक पॉलिथीन केरी बैग बंद नहीं होगा। इसके अलावा चाय की दुकानों, होटलों और रेस्त्रां के साथ-साथ शादी या अन्य समारोहों में उपयोग में लिए जाने वाले प्लास्टिक के कप-ग्लास भी सीवरेज जाम का बड़ा कारण हैं। इसके अलावा पानी की प्लास्टिक की बोतलें, पन्नी में पैक खाद्य पदार्थ और मुख्य रूप से दूध, दही व छाछ आदि के पॉलीथिन पैक भी समस्या बढ़ा रहे हैं।

**गोवंश की मौत :** कचरे में सर्वाधिक पॉलिथीन केरी बैग होते हैं। जिन्हें जाने-अनजाने में गोवंश खा लेते हैं। कई बार गायों के ऑपरेशन में 3 से 4 किलो पॉलीथिन के कैरी बैग निकाले गए हैं और कई गोवंश की असमय मौत हो चुकी है। यह कैरीबैग जानवरों के साथ इंसानों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बने हुए है।

**पॉलीथिन की थैलियां भी सीवरेज पर हावी:** शहर में पॉलीथिन की थैलियों का भी सर्वाधिक उपयोग होता है। उपयोग के बाद इनमें कचरा या अनुपयोगी सामान भर कर फेंक दिया जाता है। ये भी सीवरेज लाइन में पहुंचकर उन्हें जाम कर देती हैं, जो बड़ी समस्या है।



### यहां सर्वाधिक पॉलीथिन केरी बैग का उपयोग

दूध, दही, पनीर, पैकिंग खाद्य पदार्थ आदि में शहर में दर्जनों डेयरियां हैं। जहां खुला दूध बेचा जाता है और वह सिर्फ पॉलीथिन पैकिंग में ही संचालित हो रही है यही नहीं किराना में भी शहर भर की सैकड़ों किराना की दुकानों में खुलेआम किराना का सामान पॉलीथिन केरी बैग में दिया जाता है। सबसे ज्यादा पॉलीथिन केरी बैग का उपयोग सब्जी मंडियों में होता है। रोजाना हजारों लोग इन्हीं केरी बैग में सब्जी लेकर जाते हैं। इसके अलावा आम जरूरत का सामान प्लास्टिक थैलियों में ही दुकानदार डालकर देते हैं।

### छोटी-मोटी कार्रवाई से नहीं लगेगा प्रतिबंध

नगर पालिका द्वारा कुछ वर्षों में कभी कभी पॉलीथिन पर प्रतिबंध का अभियान चलाकर छोटी मोटी कार्यवाही कर लेते है। इस तरह के अभियान में केवल छोटे-मोटे दुकानदारों को ही निशाना बनाया जाता है, जहां से कुछ किलो पॉलीथिन कैरी बैग जब्त कर लिए जाते हैं। पॉलीथिन केरी बैग बेचने वालों की धरपकड़ करने की जरूरत है। उनके गोदामों पर दबिश दी जाकर माल जब्त किया जाए। ऐसी प्रभावी कार्यवाही से पॉलीथिन बिक्री पर अंकुश लगाया जा सकता हैं।

### क्या करें कि पॉलीथिन कैरीबैग का प्रयोग रुके

पॉलिथीन का उपयोग घातक साबित हो रहा है। इन्हें रोकने के लिए खुद को ही पहल करनी होगी। बाजार सामान लेने जाते वक्त घर से कपड़े का थैला साथ में ले जाएं। खुला दूध लेने जाएं तो स्टील का बर्तन घर से ले जाएं। दुकानदार यदि प्लास्टिक की थैली दे तो उसे मना करें और कपड़े का थैला मांगें। इसके साथ ही शादी समारोह में हो सके उतना कम से कम डिस्पोजल कप-ग्लास का उपयोग करें।

## इंटीग्रेटेड हेल्थ केम्प का सहायक संचालक ने किया निरीक्षण



### उपस्वास्थ्य केंद्र बादलपार एवं संजीवनी क्लीनिक का किया निरीक्षण

सिवनी। राष्ट्रबाण

**मध्यप्रदेश** राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति भोपाल की सहायक संचालक श्रीमती मोनल सिंह (बीटीएस), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ.व्ही.के.नावकर,जिला नोडल अधिकारी (एड्स) डॉ.जयज काकोड़िया की उपस्थिति में 24 जून मंगलवार को नगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक शहीद वार्ड में और 25 जून बुधवार को उपस्वास्थ्य केंद्र बादलपार (कुरई) में इंटीग्रेटेड हेल्थ केम्प आयोजित किया गया। हेल्थ केम्प में ब्लड शुगर, बीपी, एचआईवी, सिफिलिस, टीबी एवं हेपेटाइटिस बी की स्क्रीनिंग एवं चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित हितग्राहियो को चिकित्सकों द्वारा एचआईवी एवं एड्स, एसटीआई, हेपेटाइटिस एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। केम्प में पोस्टर और लीफलेट के माध्यम से हितग्राहियो को जागरूक किया गया और आईईसी के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उच्च जोखिम अवस्था वाले हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर किया गया, ताकि उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। उप स्वास्थ्य केंद्र बादलपार (कुरई) हेल्थ केम्प में 177 हितग्राही एवं संजीवनी क्लीनिक सिवनी में 67 हितग्राहीलाभान्वित हुए। इसके बाद सहायक संचालक श्रीमती मोनल सिंह द्वारा आईसीटीसी सेंटर सिवनी, ब्लड बैंक सिवनी,ए.आर.टी.सेंटर सिवनी एवं डीएआरसी का निरीक्षण किया गया।सहायक संचालक श्रीमती मोनल सिंह द्वारा ब्लड बैंक की सूक्ष्मता से जांच की गई एवं ब्लड बैंक से निकलने वाले रिएक्टिव पेशेंट का प्रॉपर फॉलोअप करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि जो पेशेंट रिएक्टिव निकलता है उस पेशेंट को कंफर्मेशन के लिए आईसीटीसी भेजें अगर वह पॉजिटिव आता है तो जब तक वहां एआरटी लिंक नहीं होता है, पेशेंट का फॉलोअप करके उसे तत्काल एआरटी सेंटर पर रजिस्ट्रेशन कराये।

## कलीम कामरेड के निवास जाकर सौंपा म.प्र. शासन का सम्मान पत्र

### कलीम कामरेड के पिता हाजी अ. करीम थे मीसाबंदी



सिवनी। राष्ट्रबाण

**26** जून 1975 को भारत में अपातकाल लगा था उस समय लोकतंत्र को अक्षूण्ण बनाये रखने और नागरिकों के अधिकारों के लिए कई लोगों ने कठोर यातनाएं सहते हुए जेल में भी रहे जिसमें सिवनी जिले के भी कई लोग शामिल थे। बताया जाता है कि उस समय 21 मार्च 1977 को अपातकाल समाप्त हुआ था। वर्तमान में जो लोक अपातकाल के समय जेल में बंद थे उन्हें मीसाबंदी को मिलने वाली सुविधाएं दी जा रही है। म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को म. प्र. शासन के सम्मान पत्र से सम्मानित किया जिन्होने उस समय लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदान दिया था। सिवनी के हाजी अ. करीम भी ऐसे मीसाबंदियों में शामिल थे जो अपातकाल के दौरान जेल में रहे। म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सिवनी के मीसाबंदियों को भी सम्मान पत्र से सम्मानित किया। चूंकि हाजी अ. करीम का निधन हो चुका है ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारी उनके सुपुत्र कलीम कामरेड के निवास स्थान पर पहुंचे और अपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कलीम कामरेड को ताम्र पत्र प्रदान किया।

## मोहर्रम की शुरुआत के साथ शिआ मस्जिद और इमामबाड़े में मजलिसें शुरू

**बैतूल।** मोहर्रम माह की शुरुआत होते ही टीवी टावर के पास स्थित शिआ मस्जिद एवं जेल के पीछे बने इमामबाड़े में मजलिसों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है। इन मजलिसों में प्रयागराज से आए मोहम्मद यासिर रिजवी और बैतूल के मौलाना शेख करीम साहब द्वारा रोजाना कर्बला की जंग में शहीद हुए 72 शहीदों की याद में मजलिसें पढ़ी जाएगी।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनजातीय हितग्राहियों मिल रहा लाभ

सिवनी। राष्ट्रबाण

**जनजातीय** समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत गुरूवार 26 जून को जिले के आठों विकासखंड की 04 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें केवलारी विकासखण्ड के तिन्दुआ में, धनौरा विकासखण्ड के कुड्डो में, बरघाट विकासखण्ड के मण्डी में, कुरई विकासखंड के कोहका में शिविर आयोजित हुए। आयोजित शिविर में जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की गई।

### इन योजनाओं का मिल रहा लाभ-

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। शुक्रवार को धनौरा विकासखण्ड के पिपरिया भसूडा, अमोली, धनौरा आमगांव में, कुरई विकासखंड के कोहका, जीरेवाडा में शिविर आयोजित होंगे।

## नशे की प्रवृति को रोकने आयोजित की गई जागरूकता रैली

सिवनी। राष्ट्रबाण

**कलेक्टर** संस्कृति जैन के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार दिनांक 26 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन आशादीप स्कूल डूंडासिवनी में किया गया।

प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री संदीप परते, द्वारा बताया कि 26 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर युवाओं, छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य में बढ़ती हुई तम्बाकू /धुम्रपान सेवन की प्रवृति को रोकने एवं जनजागृति हेतु जिले में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली नशामुक्ति रथ के साथ प्रातः 9 बजे आशादीप स्कूल डूंडासिवनी से प्रारंभ होकर गोंडी मोहल्ला होते हुये डूंडासिवनी चौक से आशादीप स्कूल में समापन हुआ। रैली में गायत्री परिवार, ब्रम्हकुमारी संस्था एवं अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक तथा विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों की सहभागीता रही। नशामुक्ति रैली के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर रास्ते से गुजरने वाले आम जनमानस को गुलाब के फूल भेंट कर स्वयं को एवं स्वयं के परिवार को नशे से दूर रहने की अपील की गई।




## विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने भजन मंडलियों को किया सम्मानित

**शाहपुर।** विधायक निवास भौंरा पर आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न भजन मंडलियों को ढोलक सहित साज सज्जा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नव ज्योति भजन मंडल रानीपुर, शिव महिला भजन मंडल आमढाना, खुशहाल भजन मंडल घोड़ाडोंगरी सहित कई अन्य भजन मंडलियों ने सम्मान प्राप्त किया। विधायक ने सभी भजन मंडलियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता इंदल यादव, राकेश अरोड़ा, घोड़ाडोंगरी पार्षद राकेश नानकर, अशोक चौरे, आभाष मिश्रा, जनपद सदस्य आमढाना फूलवंती धुर्वे सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भजन मंडलियों का सम्मान करना उनकी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के समान है।

देशभर से श्रद्धालु पहुंचे बैतूल

## बैतूल में आज से आरंभ होगा चातुर्मास

बैतूल। राष्ट्रबाण

**संयम,** साधना और तप की प्रेरणा देने वाले परम पूज्य गुरुदेव शीतल राज जी म.सा. का चातुर्मास आज 27 जून से बैतूल में आरंभ होगा। जैन स्थानकवासी संघ बैतूल के तत्वावधान में होने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चातुर्मास के अवसर पर बैतूल नगर धर्ममय वातावरण में डूबा हुआ है।

आचार्य पूज्य 1008 हस्तीमल जी के सुशिष्य, तपस्वी परंपरा के अद्वितीय साधक, आड़ा आसन त्यागी गुरुदेव शीतल राज जी म.सा. के सान्निध्य में यह चातुर्मास श्रद्धा, संयम और सेवा का संदेश लेकर आ रहा है। गुरुदेव का मंगल प्रवेश आज सुबह 8:15 बजे चक्कर रोड स्थित अलंकार लॉन से आरंभ होगा।

चातुर्मास की शुरुआत प्रातः स्वल्पाहार के पश्चात सुबह 8:30 बजे जैन स्थानक भवन में विधिवत रूप से होगी। चातुर्मास में शामिल होने के लिए देशभर के श्रद्धालु बैतूल पहुंच चुके हैं। राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, मध्यप्रदेश के इंदौर, उज्जैन, धार, शुजालपुर, बालाघाट, शाजापुर, महाराष्ट्र के नागपुर, आमगांव, पारसिवनी और छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग सहित कई स्थानों से श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित हो चुके हैं।



श्रद्धालु बैतूल के दादावाड़ी, स्थानक भवन, अलंकार लॉन और अन्य जगह पर ठहरे हुए हैं। गुरुदेव के आगमन और चातुर्मास को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। जैन समाज द्वारा श्रावकों से सफेद धोती-दुपट्टा और श्राविकाओं से पारंपरिक लहरी साड़ी लाल चूनरी धारण कर चातुर्मास शुभारंभ में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

संघ ने जानकारी दी है कि 10 जुलाई से गुरुदेव के नियमित प्रवचन प्रतिदिन प्रारंभ होंगे। साथ ही सभी नगरवासियों और व्यापारियों से निवेदन किया गया है कि प्रवचन के दौरान प्रातः 10:30 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखें, जिससे धर्मसभा में पूर्ण शांति और एकाग्रता बनी रहे। संघ के इस पुण्य आयोजन से बैतूल को पहली बार इतने बड़े स्तर पर तपस्वी संत के चातुर्मास का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। नगर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक उल्लास से सराबोर है।

विहार यात्रा थाना चौक, लल्ली चौक, कांतिलाल मेडिकल स्टोर होते हुए स्थानक भवन पहुंचेगी, जहां गुरुदेव का प्रथम व्याख्यान भी आज ही होगा। मंगल प्रवेश से पूर्व विशेष नवकारसी की व्यवस्था अरुण गोठी और योगेश गोठी की ओर से अलंकार लॉन में की गई है।

## स्थापना दिवस पर किया वृक्षारोपण




नैनपुर। राष्ट्रबाण

**अंतर्राष्ट्रीय** हिंदू परिषद , राष्ट्रीय बजरंग दल नैनपुर द्वारा संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों व ग्रामीण क्षेत्र के सदस्यों के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी थाना परिसर नैनपुर में स्छ्हक्क के साथ वृक्षारोपण किया गया, साथ ही तहसील कार्यालय परिसर में तहसीलदार के हाथों वृक्षारोपण किया गया।। जिसमें चंदन , आंवला , हर्रा , शीशम और बरगद के पौधे रोपण किए गए एवं नैनपुर बजरंग दल द्वारा वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ नारे के साथ एक संदेश दिया। वहीं दूसरी और नैनपुर बजरंग दल ने चकोर पुल स्थित महावीर हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433